


# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 35 अंक 202 | कोरबा, मंगलवार , दिनांक 23 अप्रैल 2024 डाक 24 अप्रैल 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा** — टीवी कलाकार दीपिका चिखलिया और सुनील लाहिड़ी ने लोकसभा चुनाव के बीच मेरठ में भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल के लिए प्रचार किया



**देश-विदेश** — चुनावी मौसम में वित्तीय लेन-देन पर रखी जा रही कड़ी नजर, पेटीएम-फोनपे को आरबीआई ने किया सतर्क



**फीचर पेज** — उन्नत जीवन का आधार है हनुमान भक्ति



## सवाई माधोपुर में बोले पीएम मोदी, 'कांग्रेस राज में हनुमान चालीसा पाठ करने वाले को लहूलुहान कर दिया जाता है'

**सवाई माधोपुर, 23 अप्रैल [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राजस्थान के सवाई माधोपुर में चुनावी रैली को संबोधित किया। हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है और वहां हनुमान चालीसा पाठ करने वाले को लहूलुहान कर दिया जाता है। इसलिए चाहे 2014 हो या 2019 हो, राजस्थान ने एकजुट होकर देश में भाजपा की ताकतवर सरकार बनाने के लिए अपना आशीर्वाद दिया था। आपने 25 की 25 सीटें भाजपा को दी थीं। आज हनुमान जयंती पर आपसे बात करते हुए मुझे कुछ दिन पहले की एक तस्वीर भी याद आ रही है। कुछ दिन पहले कांग्रेस के शासन वाले कर्नाटक में एक छोटे दुकानदार को केवल इसलिए बुरी तरह से पीटा गया, क्योंकि वो अपनी दुकान में बैठे-बैठे हनुमान चालीसा सुन रहा था।

आप कल्पना कर सकते हैं...कांग्रेस के राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह हो जाता है। पीएम मोदी ने एक बार फिर राजस्थान में रामनवमी के जुलूस पर हुए हमलों का भी जिक्र किया। बोले- कांग्रेस ने ऐसे हमलावरों को सरकारी आश्रय दिया। भाजपा के राज में ऐसा नहीं होगा। राजस्थान के मेरे भाई-बहन तो कुछ महीने पहले ही कांग्रेस के पंजे से मुक्त हुए हैं। कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में रहते हुए, जो जख्म दिए, वो राजस्थान के लोग कभी भी भूल नहीं सकते। कांग्रेस ने महिलाओं पर अत्याचार के मामले में राजस्थान को नंबर 1 बना दिया था और दुर्भाग्य देखिए कि कांग्रेस के लोग विधानसभा में बेशर्मी के साथ कहते थे कि ये तो राजस्थान की पहचान है।

### पीएम मोदी के लिए रायपुर में अभेद्य सुरक्षा के दावे फेल सुरक्षाकर्मियों को चकमा देकर फरार हुए बाइक सवार

*रायपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दो दिवसीय दौरे के तहत छत्तीसगढ़ पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी 23 अप्रैल को जांजगीर-चांपा और धमतरी में जनसभा के बाद रायपुर में विश्राम करेंगे। पीएम मोदी रायपुर में राजभवन में विश्राम करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के प्रवास को लेकर रायपुर में सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजार किए गए हैं। इसके लिए पीएम मोदी की सुरक्षा को लेकर अभेद्य रणनीति बनाई गई है। 23 अप्रैल को शाम चार बजे से 24 अप्रैल को सुबह 10 बजे तक राजभवन के आसपास चारों ओर से आवागमन बाधित रहेगा।*

## पतंजलि भ्रामक विज्ञापन मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू, बाबा रामदेव-बालकृष्ण अदालत में मौजूद

**नईदिल्ली, 23 अप्रैल [एजेंसी]।**



पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही। अदालत ने बाबा रामदेव और पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण को कोर्ट में मौजूद रहने का निर्देश दिया था। इसलिए योग गुरु रामदेव सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन मामले में सुनवाई के लिए 23 अप्रैल की तारीख तय की थी। इससे पहले 19 अप्रैल को सुनवाई हुई थी। तब अदालत ने योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद को भ्रामक विज्ञापन मामले में सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने के लिए एक सप्ताह का समय दिया था।

सुनवाई के दौरान रामदेव और बालकृष्ण दोनों मौजूद थे और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से शीर्ष अदालत से बिना शर्त माफी मांगी थी। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने उनकी माफी का संज्ञान लिया, लेकिन यह स्पष्ट किया था कि इस स्तर पर रियायत देने का फैसला नहीं किया है। पीठ ने बालकृष्ण से कहा था, आप अच्छा काम कर रहे हैं लेकिन आप एलोपैथी को नीचा नहीं दिखा सकते। वहीं, रामदेव ने अदालत से कहा था कि उनका किसी भी तरह से अदालत का अनादर करने का कोई इरादा नहीं था।



### ईरान से बढ़ते तनाव के बीच हिज्बुल्लाह ने इस्राइल पर दागे दर्जनों रॉकेट

**यरुशलम।** दुनिया के कई देश युद्ध में घिरे हुए हैं। जहां रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है, वहीं हमास और इस्राइल बीते छह महीने से लड़ाई लड़ रहे हैं। इधर, ईरान और इस्राइल के बीच भी जंग छिड़ती दिख रही है। दो कट्टर दुश्मन देशों के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। इस बीच, हिजबुल्लाह ने उत्तरी इस्राइल में स्थित इस्राइली सेना मुख्यालय पर कत्युशा रॉकेटों से हमला किया। हिजबुल्लाह लेबनान में स्थित एक सशस्त्र समूह है, जिसे ईरान का समर्थन प्राप्त है।

### सड़क पर खड़े ट्रक से टकराई कार

## बिहार में दादा-पोता समेत तीन की मौत, तीन बच्चों सहित पांच जख्मी




**गोपालगंज।** गोपालगंज में छपरा से तिलक चढ़ा कर लौट रहे तीन लोगों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई, जबकि परिवार के ही सात अन्य लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मरने वालों में एक बच्चा भी शामिल है। मृतक की पहचान गोपालगंज जिले की सिधवलिया थाना क्षेत्र के बुचेया काली टोला गांव निवासी परमेश्वर राम के पुत्र श्रेयांश कुमार (3), सूरज राम (65) और छपरा जिले के गोरियाकोठी गांव निवासी शंकर कुमार (25) शामिल हैं। इनमें सूरज राम रियांश के दादा और शंकर बच्चा के मामा थे। सभी लोग तिलक समारोह से छपरा से लौट रहे थे। घटना गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के खैरा आजम गांव के पास की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तीनों शवों को लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज भेज दिया।

## मुंबई एयरपोर्ट पर हुई 6.46 करोड़ रुपये के हीरे-सोने की जब्ती, नूडल्स के पैकेट में छिपाकर लाए गए थे

**मुंबई।** एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने हीरे और सोने की बड़ी जब्ती की है। यहां कुछ लोग नूडल्स के पैकेट में हीरे और शरीर में सोना छिपाकर ला रहे थे। कस्टम विभाग ने खुफिया जानकारी मिलने के बाद छापेमारी की और 6.46 करोड़ रुपये मूल्य का हीरा-सोना जब्त किया। इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। एयरपोर्ट पर पकड़े गए लोग 6.815 किलो सोना साथ लाए, जिसकी कीमत 4.44 करोड़ रुपये है। वहीं 2.02 करोड़ के हीरे भी इनके पास बरामद हुए। कस्टम्स के मुताबिक, मुंबई से बैंकॉक जा रहे एक भारतीय नागरिक को रोककर उसके ट्रॉली बैग में रखे नूडल्स के पैकेट से हीरे बरामद किए गए। बाद में उस शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद एक विदेशी नागरिक जो कि कोलंबो से मुंबई आ रहा था, उसे सोने की सिल्लियों के साथ गिरफ्तार किया गया। उसने सोना अपने अंतर्वस्त्रों में छिपाए थे। इसके अलावा 10 और भारतीयों को जो कि दुबई, अबुधाबी, बहरीन, दोहा, रियाध, मस्कट, बैंकॉक और सिंगापुर से भारत आ रहे थे।

## आचार सहिंता के बीच कार्रवाई, कार से 1 करोड़ रुपये और 4 किलो चांदी बरामद


**मंदसौर, 23 अप्रैल [एजेंसी]।**



नई आबादी थाने की पुलिस ने महू-नीमच राजमार्ग पर नयाखेड़ा फंटे के यहां एक कार की तलाशी में 1.03 करोड़ रुपये और 4 किलो चांदी जब्त की है। पुलिस को शक है कि यह रुपये हवाला रैकेट के हो सकते हैं या फिर सोने-चांदी की अवैध खरीदी-बिक्री के भी हो सकते हैं। पुलिस ने कार सहित रुपये व चांदी जब्त कर मामला आयकर विभाग को सौंपा है। अब आगे की जांच आयकर विभाग करेगा। कार मलिक मंदसौर के प्रतिष्ठित ज्वेलर्स है। नई आबादी टीआई वरुण तिवारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते राजमार्ग पर नियमित चेकिंग की जा रही है।

महू-नीमच राजमार्ग पर नयाखेड़ा में एक लक्जरी कार (एमएच 47 बीपी 4087) को रोककर जांच की तो चालक सीट और पास की सीट के नीचे से 1 करोड़ 03 लाख रुपये व 4 किलो चांदी मिली। इसके संबंध में पूछताछ करने पर कोई दस्तावेज प्राप्त नहीं हुए। नई आबादी थाने पर रुपये व चांदी जब्त कर आयकर विभाग को सूचना दी गई है।

## पुरी जगन्नाथ मंदिर में पड़े खून के छींटे, आरती रोककर तुरंत कराया गया महाप्रभु को महास्नान



**भुवनेश्वर, 23 अप्रैल [एजेंसी]।**

आज सुबह-सुबह महाप्रभु जगन्नाथ जी को महास्नान कराया गया। जगन्नाथ मंदिर के अंदर बेढ़ा के समीप खून के छींटे पड़ने से महाप्रभु को महास्नान कराना पड़ा है। मंगल आरती से पहले महाप्रभु को महास्नान कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, 5 बजकर 21 मिनट पर सिंहद्वार खुलने के बाद पहले सेवक घर की महिलाएं महाप्रभु का दर्शन करने के लिए मंदिर में प्रवेश की क्योंकि मंगल आरती के समय केवल सेवक, उनकी पत्नी या परिवार के सदस्य ही भीतरी बेढ़ा तक जाते हैं। हालंकि, आज सुबह सेवक घर की एक महिला जगन्नाथ मंदिर के दरवाजे के समीप हाथ रखी थी तभी उनकी ऊंगली दब गई। परिणामस्वरूप भीतरी बेढ़ा के समीप धुकुड़ी द्वारा के निकट उनकी ऊंगली से खून निकल आया। ऐसे में मंगल आरती से पहले नीति को रोककर करीबन एक घंटे तक महाप्रभु का महास्नान कराया गया। इस समय मंदिर में भक्तों के प्रवेश को रोक दिया गया। महास्नान के बाद गभा वेश एवं फिर मंगल आरती की गई।

ऐसे में मंदिर की रीति नीति में आज देरी हुई है। आम भक्तों के कुछ समय के लिए दर्शन पर रोक लगाए जाने के कारण मंदिर के बाहर भक्तों की भारी भीड़ जम गई थी। महास्नान नीति सम्पन्न होने के बाद ही भक्तों को अंदर जाने की इजाजत दी गई।


### श्री सालासर बालाजी धाम में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



**रायपुर।** पूरे देश में आज हनुमान जन्मोत्सव की धूम है। देश के हनुमान मंदिरों में सुबह से भक्तों की भीड़ लगी हुई है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्थित श्री सालासर बालाजी धाम में भी भव्य रूप से हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। सालासर बालाजी मंदिर में आज सुबह से लेकर शाम तक कई अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आज के कार्यक्रमों में सबसे पहले सुबह 10 बजे सालासर बालाजी भगवान का दुग्धाभिषेक किया जाएगा। इसके बाद भगवान को सवामणी भोग लगाया जाएगा। दोपहर 3.30 बजे से सालासर बालाजी में सुंदरकांड का पाठ होगा। इसके बाद शाम 7 बजे भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

## गाजा युद्ध के मुद्दे पर घर में घिरे बाइडन, विश्वविद्यालयों में फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों की बाढ़

**वॉशिंगटन, 23 अप्रैल [एजेंसी]।**



गाजा में जारी युद्ध को लेकर अब अमेरिकी सरकार पर भी दबाव बढ़ रहा है और राष्ट्रपति जो बाइडन घर में ही घिरते जा रहे हैं। दरअसल गाजा युद्ध के मुद्दे पर अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ये विरोध प्रदर्शन व्यापक पैमाने पर हो रहे हैं और हालात ये हैं कि अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में अकादमिक सत्र बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है और हजारों छात्रों के साथ ही अध्यापक और अन्य स्टाफ भी फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों में शामिल हैं। अमेरिकी की कोलंबिया यूनिवर्सिटी से लेकर कैलिफोर्निया की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी तक सभी में फलस्तीन समर्थक रैलियां निकाली जा रही हैं और हजारों छात्र धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

छात्र गाजा में हो रही आम नागरिकों की मौतों के लिए बाइडन सरकार और उनकी नीतियों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। अमेरिकी मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, कोलंबिया यूनिवर्सिटी में कक्षाएं स्थगित चल रही हैं। येले पुलिस ने दर्जनभर प्रदर्शनकारी छात्रों को गिरफ्तार भी किया है। यूनिवर्सिटी परिसर में फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने तंबू भी गाड़ दिए हैं।

ऐसा ही हाल अमेरिका के अन्य कॉलेजों का भी है। एक अन्य मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि स्कूल-कॉलेजों में युद्ध को लेकर प्रदर्शन बढ़ रहे हैं। छात्र तंबुओं में रह रहे हैं और इससे विश्वविद्यालयों का कामकाज प्रभावित हो रहा है। इससे अराजगता का माहौल पैदा हो रहा है। न्यूयॉर्क पुलिस ने न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी से कई प्रदर्शनकारी छात्रों को हिरासत में लिया है। दरअसल फलस्तीन समर्थक छात्रों ने प्रदर्शन के दौरान बैरिकेड तोड़े और अराजकता फैलाई। जिसके चलते उन्हें गिरफ्तार किया गया। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में भी फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारी छात्रों ने 15 के करीब तंबू गाड़ दिए हैं। छात्रों के विरोध प्रदर्शन की कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

## अरविंद केजरीवाल को पहली बार दी गई इंसुलिन तिहाड़ जेल में लगातार बढ़ रहा था शुगर लेवल

**नईदिल्ली, 23 अप्रैल [एजेंसी]।**



आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को पहली बार इंसुलिन दी गई है। आम आदमी पार्टी के सूत्रों के मुताबिक, जेल में सीएम केजरीवाल का शुगर लेवल लगातार बढ़ रहा था।

ताजा जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री केजरीवाल का शुगर लेवल 320 तक गया था। इससे पहले कल सोमवार को अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से एक और झटका लगा। प्रतिदिन 15 मिनट वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अपने चिकित्सकों से सलाह लेने की अनुमति देने की मांग की केजरीवाल की अर्जी को कोर्ट ने ठुकरा दिया था।

## मलयेशिया में नौसेना के दो हेलीकॉप्टर टकराने के बाद क्रैश हुए, क्रु के सभी 10 सदस्यों की मौत

**कुआलालंपुर, 23 अप्रैल [एजेंसी]।**



मलयेशिया में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक घटना हुई। यहां नौसेना के दो हेलीकॉप्टर आपस में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। बताया गया है कि यह हेलीकॉप्टर रॉयल मलयेशिन नेवी के एक समारोह के लिए तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान दोनों हवा में आपस में टकरा गए। इस घटना में हेलीकॉप्टर पर सवार 10 क्रु सदस्यों की मौत हो गई। मलयेशियाई नौसेना के मुताबिक, घटना लुमुत नौसैन्य बेस पर सुबह करीब 9.30 बजे हुई। दुर्घटना के बाद सभी मृतकों के शव को लुमुत आर्मी बेस अस्पताल ले जाया गया।

यहां उनकी पहचान के बाद शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हादसा तब हुआ, जब एक हेलीकॉप्टर का रोटर (पंखा) दूसरे हेलीकॉप्टर से टकरा गया और दोनों ही स्टेडियम के ग्राउंड में गिर गए। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।




**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## रायपुर में शोभायात्रा में दो गुटों में आपसी विवाद के बाद चाकूबाजी, एक की मौत, दो से तीन घायल

**रायपुर, 23 अप्रैल [एजेंसी]।**



राजधानी रायपुर में शोभायात्रा के दौरान चाकूबाजी में एक युवक की मौत की खबर आ रही है। चाकूबाजी की इस घटना में तीन युवकों के घायल हो गए हैं। चाकूबाजी में मृतक युवक का नाम आर्यन तोमर है। खबरों के अनुसार देर रात शोभायात्रा के दौरान दो गुटों में हुए विवाद के बाद चाकूबाजी हुई। यह मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात टिकरापारा के बोरियाखुर्द में शोभायात्रा निकाली गई थी। शोभायात्रा में किसी बात को लेकर दो गुटों में विवाद हो गया। दोनों गुटों में विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक ने दूसरे गुट के युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में आर्यन तोमर बुरी तरह घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं तीन अन्य युवक रवि तोड़े, शुभम चंद्राकर, समीर साहू भी घायल हो गए। तीनों घायल युवकों को निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी के सुगम संचालन हेतु दिया गया प्रशिक्षण



कोरबा । लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुगम संचालन के लिए विधानसभावार निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों का कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सामान्य प्रेक्षक श्री प्रेमसिंह मीणा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर डॉ. एम.एम.जोशी द्वारा दो पालियों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में सीईओ जिला पंचायत श्री संदीप मिश्रा, नोडल अधिकारी अनुपम तिवारी, सेक्टर आफिसर, मास्टर ट्रेनर, पटवारी, रोजगार सहायक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।इस अवसर पर कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कहा कि निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी लेना एक जिम्मेदारी वाला कार्य है जिसे सभी को सावधानीपूर्वक निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के समय यह महत्वपूर्ण होता है कि जिस मतदान केन्द्र में ड्यूटी लगी है उसके लिए उसी मतदान केन्द्र की सामग्री उसे दें। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के संबंध में मतदान अधिकारी के ड्यूटी आदेश को देखकर उसे उसी मतदान केन्द्र के संबंध में निर्वाचन सामग्री प्रदान करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन सामग्री वापसी के दौरान ईव्हीएम मशीन के साथ विशेष पहचान वाले महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सावधानीपूर्वक वापस लेना होगा। सभी कर्मचारियों द्वारा सामग्री वितरण एवं जमा कार्य में एकरूपता व समानता होनी चाहिए, इस हेतु प्रशिक्षण पर गंभीरता से ध्यान दे। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदान दलों को दी जाने वाली सामग्री किट में निर्धारित सामग्री उपलब्ध कराई जाए ताकि बिना त्रुटि के मतदान दल रवाना हो सकें।मास्टर ट्रेनर श्री जोशी ने बताया कि जिले में कोरबा एवं रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव सामग्री का वितरण एवं वापसी आई.टी.कॉलेज झगरहा कोरबा और विधानसभा कटघोरा एवं पाली-तानाखार के लिए शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा से चुनाव सामग्री का वितरण एवं जमा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 6 मई को प्रात: सात बजे से दोनों केंद्रों पर मतदान दलों को सामग्री वितरित की जाएगी तथा 07 मई को शाम सात बजे से सामग्री जमा की जायेगी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विधानसभावार निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए विधानसभावार व्यवस्था की गई है। जिसमें सेक्टर के आधार पर काउंटर बनाया जाएगा। विधानसभावार एक-एक पूछताछ केन्द्र बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिस काउंटर से सामग्री वितरण किया जाएगा उसी काउंटर में सामग्री वापस ली जाएगी।

## नही मिला बोनस,अब हड़ताल की तैयारी

कोरबा । कोरबा जिला के 33/11 द्य1 सब स्टेशन के ऑपरेटर 2 माह का वेतन और 6 माह का बोनस नहीं मिलने का आरोप लगा काम बंद हड़ताल पर जा रहे हैं। ऑपरेटर का कहना है कि पिछले माह ज्ञापन सौंपा गया था जिसमें बिजली अधिकारी ने आश्वासन दिया था की आपको 28 मार्च तक 2 माह का वेतन ओर 6 माह का बोनस दिया जायेगा इसके बावजूद भी हमें ठेकेदार के द्वारा ना दो माह का वेतन दिया गया है ना 6 माह का बोनस दिया गया है हमारा पेमेंट और बोनस ना मिलने पर हमारे परिवार को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए पूरा कोरबा जिला के ऑपरेटर 28 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं।

# लोकसभा चुनाव : 2 अभ्यर्थियों ने अपनी उम्मीदवारी वापस ली




कोरबा । लोकसभा निर्वाचन 2024 कोरबा अंतर्गत आज कोरबा लोकसभा से प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा एवं कैलाश सुखदेव पगारे तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत की उपस्थिति में नाम वापसी की प्रक्रिया संपन्न हुई जिसमें निर्दलीय अभ्यर्थी कमाल खान एवं राजन पांडेय ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। नाम वापसी उपरांत भारतीय जनता पार्टी से सुश्री सरोज पाण्डेय, इंडियन नेशनल कांग्रेस से श्रीमती ज्योत्सना महंत, गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी - श्याम सिंह मरकाम, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी - कमलदेव, छत्तीसगढ़ विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी श्रीमती रेखा तिवारी, छत्तीसगढ़ पार्टी दिलीप कुमार मिरी जोहार, बहुजन समाज पार्टी दूजराम बौद्ध, रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया अम्बेडकर प्रियंका पटेल, भारतीय जनता सेक्यूलर पार्टी सुशील कुमार विश्वकर्मा, सर्व आदि दल प्रशांत डेनिएल, छत्तीसगढ़िया पार्टी कल्याण सिंह तंवर, निर्दलीय रमेश दास महंत, राजेश पाण्डेय, महेन्द्र कुमार श्रीवास, शोबरन सिंह सैमा, केवल भारती गोस्वामी, प्रताप सिंग भानू, पालन सिंह, जयचंद्र सोनपाकर, शांतिबाई मरावी, अमरीका करपे, निर्दोष कुमार यादव, संतोष शर्मा, शेख रउफ, शिवपूजन सिंह, कौशल्या बाई पोर्ते एवं पुरूषोत्तम दास मानिकपुरी कुल 27 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

## व्यय प्रेक्षक मुकेश कुमार ने एफएसटी दर्री का किया आकस्मिक निरीक्षण

कोरबा। लोकसभा कोरबा अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री मुकेश कुमार ने आज कोरबा विधानसभा अंतर्गत फ्लाइंग स्क्वायड दल के जाँच पॉइंट दर्री का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने एफएसटी टीम को 24 घंटे अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक ने टीम द्वारा की गई अब तक की कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने जांच के दौरान सम्पूर्ण प्रक्रिया का वीडियोग्राफी कराने के निर्देश देते हुए जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने कहा। इस दौरान लाइजनिंग अधिकारी श्री चंद्रकांत टिकारिहा, सहायक व्यय प्रेक्षक श्री राजीव पाण्डेय उपस्थित थे।



# एनकेएम लाइंस पब्लिक स्कूल ने मनायास्थापना दिवस



कोरबा। कोरबा-चांपा मार्ग के ग्राम मड़वारानी में स्थित एनकेएम लाइंस पब्लिक स्कूल के 8वें स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री और पार्षद नरेंद्र देवांगन बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। जरूरतमंदो तक लाभ पहुंचाना ही बहुत बड़ी बात है। देवांगन ने कहा की मड़वारानी में अच्छी शिक्षा और वह भी कम फीस में उपलब्ध कराई जा रही है, इससे बड़ी और क्या बात हो सकती है। उन्होंने कहा की बच्चो को शिक्षा के साथ साथ संस्कारवान भी बनाया जा रहा है।इस अवसर पर नरेंद्र देवांगन ने स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। सभी बच्चों को आगामी शिक्षण सत्र में और भी मेहनत कर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। इस अवसर पर संस्था के प्रमुख मनोज यादव, भोजराम राजवाड़े, राजकुमार अग्रवाल, बी.के. अग्रवाल, पवन अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कैंप में बंधक लोगों को पुलिस ने कराया मुक्त

कोरबा। शहर में कई ऐसी मार्केटिंग कंपनियां संचालित है, जहां बेरोजगारों को अच्छी नौकरी व वेतन का सब्जबाग दिखाकर लूटा जा रहा। यदि कोई बेरोजगार नौकरी की लालच में एक बार फंस गया तो उसके लिए कंपनी से बाहर निकलना चुनौती से कम नहीं है। ऐसा ही एक मामला सामने आया, जिसमें मीडियाकर्मियों के सहयोग से दो युवक थाना तक पहुंचने में कामयाब हो गए। उन्होंने पुलिस के सामने अपनी आपबीती सुनाई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए न सिर्फ दोनों युवक को कंपनी के चंगुल से बाहर निकाला, बल्कि उनकी जमा राशि वापस दिलाते हुए गृहग्राम के लिए रवाना किया।यह पूरा वाक्या सिविल लाइन रामपुर थाना क्षेत्र की है। दरअसल मीडियाकर्मियों को दो युवक ने वाट्सअप कालिंग कर सूचना दी कि वे पड़ोसी जिले के रहने वाले हैं। उन्हें खरमोरा क्षेत्र में संचालित जीपीआई कंपनी के कैंप से निकलने नहीं दिया जा रहा, जबकि वे काम छोड़कर जाना चाहते हैं। उन्होंने किसी तरह लुक छिपकर कॉल करने की बात कही। उन्होंने कंपनी के कैंप का लाइव लोकेशन भेज दिया, जिसकी मदद से मीडियाकर्मी खरमोरा-दादर मार्ग में एक स्थान पर पहुंचे। इसकी जानकारी होने पर नजरें बचाकर दोनों युवक बाहर आ गए। वे मीडियाकर्मियों की मदद से सिविल लाइन थाना पहुंचने में कामयाब हो गए। थाना प्रभारी सुमन पोया को पूछताछ के दौरान युवकों ने अपना नाम बिलासपुर जिले के कोटा इमलीपारा निवासी टारजन कुमार टांडे व रितिक पात्रेबताया। उन्होंने जानकारी दी कि गांव का रहने वाला रवि नामक उनके खास दोस्त ने कोरबा में जीपीआई नामक कंपनी संचालित होने की जानकारी दी।

# होम वोटिंग के लिए प्रेक्षक की उपस्थिति में सेक्टर ऑफिसर्स एवं मतदान अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



कोरबा । लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले के 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को होम वोटिंग कराने के लिए कोरबा जिले हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री प्रेम सिंह मीणा की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सेक्टर ऑफिसर्स एवं मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित हुआ। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत, सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा, सभी रिटर्निंग अधिकारी विभिन्न विभागों के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

सामान्य प्रेक्षक श्री मीणा ने सभी सेक्टर अधिकारियों एवं मतदान दल के अधिकारियों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने एवं मतदान की गोपनीयता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने मतदान दलों को प्रशिक्षण का लाभ उठाने की बात कही। अपनी जिज्ञासाओं का समाधान करने एवं किसी प्रकार की संशय में नही रहने के लिए कहा। कलेक्टर ने विभिन्न पपत्रो की उपयोगिता को समझ कर उन्हें भरने की पूरी जानकारी प्राप्त कर कुशलता पूर्वक होम वोटिंग पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स डॉ एम एम जोशी ने होम वोटिंग के लिए गठित दल के अधिकारी कर्मचारियों को विभिन्न प्रपत्रों को भरने एवं उपयोगिता की बारे में बताते हुए होम वोटिंग की पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदान दल चिन्हांकित मतदाताओं के घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराएंगे। मतदाता का परिचय पत्र एपिक कार्ड या अन्य वैकल्पिक दस्तावेज के द्वारा पहचान सुनिश्चित कर मतदाता को मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी जाएगी। मतदाता अपने पसंद के अभ्यर्थी के सामने निशान लगाकर मतदान करेगा। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर डॉ जोशी द्वारा सभी के शंकाओं का समाधान भी किया गया।

गौरतलब है कि जिले में होम वोटिंग हेतु कुल 132 लोगों से आवेदन प्राप्त हुआ है। जिनके मतदान के लिए 14 मतदान दलों की नियुक्ति की गई है एवं 3 दल रिजर्व रखे गए है। उन्होंने बताया कि मतदान दलों द्वारा प्रारूप 12 घ में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं दिव्यांग श्रेणी के मतदाताओं के घर पर जाकर 30 अप्रैल एवं 01 मई 2024 को होम वोटिंग कराई जाएगी। प्रत्येक दल में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, माइक्रो ऑब्जर्वर, पुलिसकर्मी एवं वीडियोग्राफर होंगे।

## रग्बी खिलाड़ी अनुराग का हुआ राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन

कोरबा। पाली नगर के होनहार युवा अनुराग यादव (रग्बी खिलाड़ी) का राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता में राज्य की टीम से प्रतिनिधित्व करने चयन हुआ है।रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ कोरबा के कोच ओमप्रकाश यादव ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता नहीं हो रही थी। इस वर्ष 67वीं राष्ट्रीय शालेय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता 23 से 24 अप्रैल तक महाराष्ट्र के पुणे के वालेबाड़ी खेल मैदान में आयोजित हो रही है। इसमें रग्बी फुटबॉल एसोशिएशन ऑफ कोरबा के खिलाड़ी अनुराग यादव का चयन हुआ है, जो कि पाली सरईपाली टावर मोहल्ला निवासी अनुज यादव के सुपुत्र हैं। अनुराग यादव अभी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली में 12वीं का विद्यार्थी है, जिसने अपने विद्यालय और पाली क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

## एसईसीएल प्रबंधन के खिलाफ ग्रामीणों का भड़का आक्रोश

कोरबा । सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा प्रोजेक्ट एसईसीएल दीपका एरिया के विस्तार को लेकर अमगांव के आम रास्ता को काटने को लेकर प्रबंधन की इस हरकत से ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। आक्रोशित ग्रामीणों ने विस्तार का काम ठप्प कर दिया। ग्राम अमगांव के ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि एसईसीएल गेवरा एरिया द्वारा उनकी जमीनों का अधिग्रहण किया गया है, जिस पर दीपका एरिया का विस्तार कार्य किया जा रहा है गांव के आम रास्ता को विस्तार कार्य के दौरान काट दिया गया है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए आगे कहा कि अमगांव के शेष बचे मुआवजा रोजगार बसाहट सहित वैकल्पिक रोजगार के साथ-साथ पानी की विकराल समस्या का समाधान किया जाए। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि दर्राखांचा में ग्रामीणों को मुआवजा की पावती भी नहीं दी गई है, पहले टीन-टपरा का मुआवजा 362 रुपए के हिसाब से तय किया गया था।

# शिव सेवा फाउंडेशन ने लोगों को शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराने उठाया कदम

## नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने किया प्याऊ का उद्घाटन

कोरबा । शिव फाउंडेशन द्वारा मेजर ध्यान चंद चौक में निःशुल्क हसदेव अमृत जल प्याऊ एवं सार्वजनिक उपयोग हेतु शुद्ध पेय जल सिंटेक्स की स्थापना की गई द्ध वार्ड 42 की अग्रणी समाज सेवी टीम शिव फाउंडेशन द्वारा विगत 3 वर्ष से ग्रीष्म ॠतु पर निःशुल्क प्याऊ चलाया जा रहा है। इसके साथ ही शिव फाउंडेशन ने मेजर ध्यान चंद चौक में पानी की समस्या को देखते हुए, शुद्ध पेय जल हेतु सिंटेक्स की भी स्थापना की है।इस कार्य के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि मनीष अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच, अतिथि गणों में वार्ड 42 पार्षद श्रीमती पुराई बाई कंवर एवं ग्राम के कमल पांडेय ने पूजा-अर्चना कर जल, स्वल्पाहार, ठंडा शरबत बांट कर किया। कमल पांडेय के सौजन्य से रूमगरा चौक में सिंटेक्स का सौगात प्राप्त है।मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने कार्य की सराहना करते हुए शिव फाउंडेशन के माध्यम से राहगीरों को शीतल जल सदैव प्राप्त हो इसके स्वयं से लिए वाटर कूलर प्रदान करने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि मनीष अग्रवाल ने शिव फाउंडेशन के माध्यम से अपने माता-पिता की स्मृति में शव सम्मान हेतु मरचूरी प्रदान करने की घोषणा की। कार्यक्रम का मंच संचालन बजरंग बहादुर सोनी, अध्यक्षता अजय धीवर ने की द्य उक्त कार्यक्रम में संगठन के सभी सदस्य एवं ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

# रिस्वत लेते बैंक मैनेजर व कैसियर रंगे हाथो पकड़ाया

कोरबा। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के कोरबा जिले के पाली ब्रांच मैनेजर एवं कैशियर को शासन को समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले अन्नदाता किसान से भुगतान के एवज में रिश्वत के तौर पर कुल भुगतान योग्य राशि से कटौती (उगाही)करना भारी पड़ गया। किसान की शिकायत पर सुनियोजित तरीके से ब्रांच मैनेजर एवं कैशियर को ट्रैप कर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 5 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

कोरबा जिले के पाली स्थित सहकारी बैंक की शाखा में एसीबी की टीम ने आज सुबह करीब 11:30 बजे दबिश दी।एसीबी को शिकायत मिली थी कि यहां किसानों को ज्यादा रकम की जरूरत पड़ने पर उक्त राशि देने के एवज में कमीशन लिया जाता है। दरअसल सहकारी बैंकों में शासन के निर्देश अनुसार किसानों को धान बिक्री के एवज में मिलने वाली राशि देने का निर्धारण कर दिया गया है। किसानों को ग्रामवार बुलाया जाता है और इसके लिए दिन भी निर्धारित कर दिया गया है। किसानों को 25 से 30-40 हजार से ज्यादा के रकम नहीं दी जा रही है और जिन किसानों को ज्यादा राशि की जरूरत पड़ती है उसके लिए विशेष रूप से व्यवस्था करने के साथ कमीशन भी तय किया गया है। सूत्र ने बताया कि किसानों से 100000 के बदले 1500 कमीशन लिया जाता है।

इनमें से ही एक किसान जिसे उसके बेचे गए धान के बदले रुपए की आवश्यकता लाखों में थी और बैंक के द्वारा किसानों से मजबूरी का फायदा उठाते हुए कमीशन लेकर रुपए दिए जा रहे थे। पीड़ित किसान प्रार्थी रामनोहर यादव ग्राम धंवरा डोंगरी बतरा से लगभग 5 लाख रूपये, के आहरण के लिये 7500 रूपये रिश्वत की मांग की जा रही थी। आरोपीगण अमित दुबे, ब्रांच मैनेजर एवं आशुतोष तिवारी, कैशियर द्वारा मांग की गई थी। शिकायत सत्यापन पश्चात् आज आरोपीगण को रिश्वत देने के लिये प्रार्थी बैंक कार्यालय गया जहां आरोपीगण द्वारा सावधानी बरतते हुए, रिश्वती रकम न लेते हुए, 5 लाख आहरण राशि से रिश्वती रकम 5000 रूपये काटकर प्रार्थी को शेष राशि दी गई, जिस पर एसीबी की टीम द्वारा कार्यवाही कर कैशियर से रिश्वत की राशि बरामद की गई ।इस मामले से यह तो प्रमाणित हुआ है कि किसान अपना धान बेचने के बाद अपने ही धान की राशि प्राप्त करने के लिए किस तरह से मौजूदा हालातों में परेशान हो रहा है।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में खून पसीना बहाकर धान उपार्जित करने वाले अन्नदाता किसानों से कमीशनखोरी का यह पहला मामला नहीं है । हर साल कोरबा सहित प्रदेश के अन्य जिलों में किसानों से धान बिक्री के दौरान से लेकर भुगतान के समय कमीशनखोरी अवैध उगाही की शिकायतें सामने आती रही हैं। कोरबा में पूर्व में भी इस तरह की शिकायतें जिला प्रशासन के संज्ञान में लाई जा चुकी हैं जिनमें जिम्मेदारों के खिलाफ विधिवत कार्रवाई भी की गई। बावजूद इसके अधिकारी कर्मचारियों के भ्रष्ट कार्यशैली में सुधार नहीं आया। आज भी किसानों से कमीशनखोरी हो रही । लेकिन हैरान करने वाली बात है कि किसी भी ब्रांच में शिकायत पेटी नहीं है ,या कोई ऐसा नम्बर सार्वजनिक नहीं किया गया है जिससे जिला स्तर पर ही उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा सके। हालांकि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों पर जरूर समय समय पर जांच कार्रवाई की जाती रही है।

## योगी आदित्यनाथ से अजय दुबे ने सनातन धर्म पर की चर्चा



कोरबा। उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी के कोरबा में आयोजित कार्यक्रम में सनातन संघर्ष समिति के जिला संयोजक श्री अजय कुमार दुबे ने मुलाकात कर साल एवं श्री फल से सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने योगी आदित्यनाथ जी को सनातन संघर्ष समिति के उद्देश्य एवं कार्यो से अवगत कराया। साथ ही कोरबा जिले में हो रहे व्यापक धर्म परिवर्तन पर चर्चा की एवं इस ओर सनातन संघर्ष समिति के जिले में किये जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। आपने बताया कि किस प्रकार गांव गांव में टीम बना कर सनातन संघर्ष समिति इस ओर प्रयास कर रही है एवं अनेक गांवों को धर्मांतरण मुक्त किया है।इस दौरान इस ओर सतत् प्रयास करने वाले योद्धा सुरेन्द्र बहादुर सिंह, श्री राणा मुखर्जी, श्री अजय चंद्रा, श्री लक्की नंदा आदि भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

# कोयला कामगारों की मांगी गयी गोपनीय रिपोर्ट

कोरबा। कोयला खदानों के कर्मचारियों की एनुअल कांफिडेंशियल रिपोर्ट (एसीआर) अब ऑनलाइन भेजनी होगी। पहले यह व्यवस्था ऑफलाइन थी। इसे लेकर कोल इंडिया ने एसईसीएल सहित सभी अनुषंगी कंपनियों को निर्देश जारी किए हैं।कोल इंडिया व अनुषंगी कंपनियों के कर्मचारियों को ऑनलाइन एसीआर भरना होगा। ऑफलाइन व्यवस्था होने से कोयला कर्मी दो-दो वर्ष का एसीआर एक साथ भरते थे। अब सैप के माध्यम से एसीआर को ऑनलाइन भरना होगा। ऑनलाइन एसीआर के माध्यम से कोयला कर्मियों के प्रदर्शन की समीक्षा होगी। सूत्रों की मानें तो प्रोन्नति सहित कई मामलों में एसीआर महत्वपूर्ण होगी। इसके पहले कोयला अधिकारी ही ऑनलाइन एसीआर फाइल करते थे, लेकिन अब कर्मचारियों को भी ऑनलाइन फाइल करना होगा। इसे लेकर कोल इंडिया की ओर से सभी अनुषंगी कंपनियों को निर्देश जारी कर दिया गया है।कंपनी के महाप्रबंधक (श्रमशक्ति व औद्योगिक संबंध) गौतम बेनर्जी ने सभी संबंधित कंपनियों के निदेशक कार्मिक को पत्र लिखकर 31 जुलाई तक गैर अधिकारियों का वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट देने कहा है, ताकि इनका पूर्ण विवरण सैप में अपलोड किया जा सके। कर्मचारी से जुड़ी हर संबंधित जानकारी इसमें मांगी गई है।

## सब्जी मंडी में सुविधाओं का अभाव

कोरबा। नगर पंचायत पाली में संचालित निःशुल्क थोक सब्जी मंडी स्थल में चबूतरा और शेड निर्माण की मांग व्यापारियों ने किया है।लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व नगर पंचायत पाली में बतौर प्रयोग थोक सब्जी मंडी का शुभारंभ किया गया था। सब्जी मंडी खुलने से व्यवसायियों सहित आम उपभोक्ताओं को भी सब्जी की कीमतों में राहत मिल रही है और इस सब्जी मंडी को अच्छा प्रतिसाद भी मिलने लगा है।

# कांग्रेस चुनाव संचालन समिति की हुई जिला कार्यालय में बैठक




कोरबा। लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत को प्रचंड मतों से विजयी बनाने के लिए जिला स्तरीय चुनाव संचालन समिति की अत्यावश्यक बैठक ज़िला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित हुई जिसमे ज़िला, ब्लॉक, सेक्टर, मोर्चा और प्रकोष्ठ स्तर के समस्त पदाधिकारी समिति के संयोजक छत्तीसगढ़ के गांधी वरिष्ठ कांग्रेसी व पूर्व विधायक बोधराम कँावर, समन्वयक व पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना महंत, विधायक फुलसिंह राठिया, पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर, पुरूषोत्तम कंवर की विशिष्ट उपस्थिति में उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुई। समिति के संयोजक बोधराम कंवर ने उपस्थित सदस्यों में नये उत्साह का संचार करते हुए क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान ध्यान रखने योग्य अनेक महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उपस्थित सदस्यों को नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कँवर, विधायक फूलसिंह राठिया, दुलेश्वरी सिदार, शिवकला कँवर, ज्योत्सना महंत रामनारायण, प्रशांत मिश्रा व बोधराम कँवर, सुरेन्द्र जायसवाल ने संबोधित करते हुए सभी में नई ऊर्जा का संचार करते हुए कार्यकर्ताओं के समक्ष आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों की चर्चा करते हुए अपने अनुभव को साझा करते हुए उनका सामना करने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन श्याम सुंदर सोनी द्वारा किया गया।

# अंतिम क्षेत्र के खेतों को नहीं मिल रहा नहर का पानी

**डभरा।** गर्मी दिनों दिन बढ़ रही है। इस गर्मी में नदी नाले पोखर तालाब सूखने लगे हैं। नहर से पानी अभी तक इन नदी नालों में नहीं पहुंच पाया है।डभरा ब्लाक के ग्राम तेंदूमुड़ी एवं सुखापाली सहित अंतिम छोर के दर्जनों गांवों में नहर का पानी नहीं पहुंच पाया है। मालखरौदा क्षेत्र के ग्राम घोघरी ,बासीन, बरपाली ,देवगांव डोमा सहित दर्जनों गांव में कुरदा वितरक नहर से पानी निस्तारी के लिए नहीं पहुंच रहा है। जबकि नहरमें पानी आ रहा है इसके बाद भी अंतिम छोर के गांव तक नहर में पानी निस्तारी के लिए नहीं पहुंच पाया है। प्रशासन द्वारा नहरो में पानी निस्तारी के लिए छोड़ा गया है इसके बाद भी गांव के तालाब ,नदी, नाले सूख चुके हैं ।

वही मवेशियों के पीने के लिए भी पानी नहीं मिल रहा है। ग्राम घोघरी का बगान नाला पूरी तरह सूख चुका है। अभी तक नहर का पानी निस्तार के लिए नहीं पहुंचा है ।जबकि ग्राम घोघरी में सोमवार को आम बाजार एवं मंगलवार को मवेशी बाजार लगता है। मवेशी बाजार में बड़ी संख्या में मवेशी आते हैं। उनके पीने के लिए पानी के लाले पड़ रहे हैं ।दूर-दूर से ग्रामीण मवेशी बेचने के लिए ग्राम पंचायत घोघरी पहुंचते हैं । बगान नाला के दोनों तरफ मवेशी बाजार लगता है । ग्राम पंचायत खोंधर के अन्तर्गत ग्राम तेंदुमुड़ी में मंगलवार को मवेशी बाजार लगता है । इस



क्षेत्र की जीवनदायनी बोराई नदी में भी पानी नहीं है। चुका है बूंद बूंद के लिए पशु पक्षी जूझ रहे हैं । कुरदा मुख्य वितरक नहर के ऊपरी क्षेत्र में किसानों के द्वारा ग्रीष्म कालीन धान की फसल ली गई है और नहर के पानी का उपयोग धान फसल की सिंचाई के लिए कर रहे हैं।इसके कारण नहर के अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंच रहा है।

अप्रैल महीने में ही गर्मी का पारा चढ़ रहा है और गांवों के हैंड पंप के हलक सूख चुके हैं । बोरवेल्स का जल स्तर नीचे चला गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल एवं निस्तारी की समस्या दिनों दिन बढ़ रही है।ग्राम बासीन के ग्रामीण सौरभ आदित्य ने बताया कि नहर में पानी नहीं आ रहा है। जिस कारण तालाब डबरी में पानी भर नही पा रहा है। गांव के स्कूल पारा मोहल्ले में पानी की किल्लत है ।पेयजल एवं निस्तारी की समस्या दिनो दिन विकराल रूप धारण कर रही है ।हैंडपंप सुख चूके हैं, नाला पोखरी भी सूख गए हैं। नहर के ऊपरी क्षेत्रों में पानी को रोककर रखा गया है अंतिम छोर तक पानी पहुंचाया जाए।इस संबंध में ग्राम पंचायत घोघरी की सरपंच मनुदाई सिदार ने बताया कि बगान नाला एवं तालाब सूख गए हैं ।गांव में निस्तारी की समस्या हो रही है नहर में पानी आ रहा है परंतु ऊपरी क्षेत्र के किसानों द्वारा धान की खेती में पानी का उपयोग किया जा रहा है।

## तेज बारिश ने 7 डिग्री तक नीचे उतारा तापमान, गर्मी के मौसम में कुछ हद तक राहत



**जांजगीर-चांपा।** जिले में सोमवार को अचानक मौसम बदल गया। यहां तेज हवाओं के साथ तेज बारिश हुई, जिससे लोगों को तेज धूप और भीषण गर्मी से राहत मिली। हालांकि लगातार बदलते मौसम के चलते लोग वायरल फीवर और सर्दी-खांसी की चपेट में आ रहे हैं।

सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहा। दिनभर आसमान में काली घटा छाई रही। रविवार को जांजगीर-चांपा जिले का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, लेकिन आज ठंडी हवाओं और बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाई। सोमवार को तापमान में 7 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने मंगलवार को भी हल्की बारिश की संभावना जताई है।

**छत्तीसगढ़ में 25 अप्रैल तक बारिश का यलो अलर्ट**

छत्तीसगढ़ में 25 अप्रैल तक बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और बस्तर संभाग के सभी जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बूदांबांदी के आसार हैं। रायपुर में सुबह से बादल छाए हुए हैं। दक्षिण इलाके में नमी आने से ऐसा बदलाव देखने को मिल रहा है।

**आज यहां हुई बारिश**

आज रायपुर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, बिलासपुर, पेंड्रा, रायगढ़, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर, दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, बस्तर, सुकमा, सरगुजा ,सूरजपुर में गरज-चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई।

**सेहत पर बुरा असर**



जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ अनिल जगत ने कहा कि बदलते मौसम से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। अस्पताल में लू और वायरल फीवर के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। उन्होंने लोगों को भीषण गर्मी से बचने और खानपान पर ध्यान रखने की सलाह दी है। खासतौर पर बच्चों और बुजुर्गों में इम्यूनिटी कम होती है, तो उनका विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को रोजाना 3-4 लीटर पानी और मौसमी फल और सब्जियों का सेवन करना चाहिए। वहीं जिले के कई हिस्सों में रबी फसल भी लगी हुई है। मौसम में बदलाव से धान और सब्जियों की फसल खराब होने की आशंका बनी हुई है।



## मतदान के लिए जागरूक करने फैंसी ड्रेस और कैटवॉक का किया आयोजन

**सक्ती।** सक्ती कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो और स्वीप नोडल अधिकारी बीपी भारद्वाज के निर्देशन में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा व निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के तहत मजबूत लोकतंत्र-सबकी भागीदारी के तहत लगातार विभिन्न स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 22 अप्रैल को स्वीप गतिविधियों के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग ने मतदाताओं के सक्रिय सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए जिले के समस्त एकीकृत बाल विकास परियोजनाओं में परियोजना, सेक्टर स्तरीय महिलाओं ने फैंसी ड्रेस व कैटवॉक ने मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में शामिल महिलाएं।



**सक्ती ।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्री पंचमुखी दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में सिंदूराभिषेक, के साथ सवामणी प्रसाद चढ़ाया गया।

## जीत के बाद भी सेमीफाइनल से वंचित रही अंडर-19 क्रिकेट टीम



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर-19 पेल्ड ग्रुप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिस पर जांजगीर चांपा टीम मैच जीतने के बावजूद सेमीफाइनल से वंचित रह गई। अंडर-19 प्लेड क्रिकेट प्रतियोगिता 10 अप्रैल से शुरू हुई थी जांजगीर चांपा का पहला मुकाबला रायपुर जिला से था जो वर्षा के कारण पूर्ण नहीं हो पाया ।

जिससे दोनों ही टीम को एक पॉइंट मिला ,दूसरा मुकाबला जांजगीर चांपा टीम का रायगढ़ टीम से था जिसमें जांजगीर टीम ने शानदार जीत हासिल की। अंतिम लीग मैच में जांजगीर चांपा टीम ने नारायणपुर को हराकर जीत दर्ज की लेकिन जीत के बावजूद भी सेमीफाइनल से वंचित रह गई क्योंकि सेमीफाइनल में पहुंचने 14 पॉइंट की आवश्यकता थी । ड्रा हुए मैच के कारण जिले की टीम का 13 अंक हो पाया जिस कारण जांजगीर-चांपा टीम सेमीफाइनल में पहुंचने से वंचित रही।

**आखिरी लीग मैच में बेहतर प्रदर्शन**

जांजगीर चांपा टीम का आखिरी मुकाबला नारायणपुर जिला से था जिसमे जांजगीर चांपा टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और पहले बल्लेबाजी करते हुए पहले में 233 रन बनाए। जवाब में नारायणपुर की टीम ने काफी अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 283 रन बनाए जिससे जांजगीर चांपा टीम 50 रन से आगे निकल गई। 50 रन का लीड लेने के बाद दूसरी दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए जांजगीर-चांपा की टीम ने 236 रन बनाए एवं नारायणपुर को जीत के लिए 186 रन का लक्ष्य दिया 186 रन का पीछा करते हुए नारायणपुर की पूरी टीम 124 रनों पर ऑल आउट हो गई एवं जिले की टीम मैच 63 रनों से जीत गई ।पहली पारी में जिले की ओर से हिमांशु जोगी ने 91 रन ,अंसराज आर्यन ने 36 रन,वरुण ने 27 रन बनाया ।पहली पारी में गेंदबाजी में देवासी सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिए ,यश ठाकरे,अनुभव सोनी ने 2-2 विकेट लिए दूसरी पारी में जांजगीर-चांपा टीम की ओर से हिमांशु जोगी ने 37,श्रीसंत खरे ने 26 देवासी सिंह ने 24 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में देवासी सिंह ने 4 विकेट लेकर नारायणपुर टीम को कमजोर किया।अनुभव सोनी ,यस ठाकरे ,श्रीसंत खरे ने 2-2 विकेट लिए, इस जीत पर बधाई देते हुए जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव पद्मेश शर्मा ने कहा कि खिलाड़ी सेमीफाइनल से वंचित रह गए लेकिन जिस तरह से खिलाड़ियों ने अपने खेल का प्रदर्शन किया आने वाले दिनों में यही खिलाड़ी एलिट पुल के लिए भी क्वालीफाई कर छत्तीसगढ़ टीम के लिए खेलेंगे।



## भूमिफोड़ बजरंगबली की भक्ति में श्रद्धालु लीन,बालोद में की जा रही विशेष पूजा-अर्चना

**बालोद।** बालोद जिले के कमरौद गांव में 400 साल पुरानी भगवान हनुमान की विशाल प्रतिमा है। मान्यताएं हैं रि प्रतिमा की आकार और ऊंचाई बढ़ रही है। जमीन से निकलने के कारण यह भूफोड़ बजरंगबली के नाम से छत्तीसगढ़ में प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि यहां जो भी बजरंगबली से स्मरण किया है। उसकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.202403050400047
अ-21/2023-24
ग्राम- रिस्दा, प.ह.नं.-14

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी/आवेदिका श्रीमती रमा कर्माकर उम्र लगभग 61 वर्ष पति श्री कमल कर्माकर जाति-सुनार निवासी-क्वा.नं.-एम.आई.जी.-27, आर.पी.नगर फेस-2 कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-रिस्दा, प.ह.नं.-14, रानिमं.-कोरबा, तहसील-कोरबा, प्लाट नंबर 428/10 (शामिल नंबर 429/9, 430/15) रकबा 0.021 हे. को प्रस्तावित क्रेता-अंकित गोयल उम्र-लगभग 26 वर्ष पति श्री अशोक गोयल निवासी-इंदिरा मार्केट, पाढ़ीमार बालकोनगर मकान कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के पास बिक्री करने की अनुमति चाहा है। जिसके लिए इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 08/05/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 19/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ज्ञापन//**

क्रमांक/802/तह./वा./2024 कोरबा, दिनांक 15.04.2024

प्रति,
1. महाप्रबंधक,
एस.ई.सी.एल., कोरबा
2. वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल, कोरबा

विषय : भूमि बिक्री में अनापत्ति प्रमाण/अभिमत बाबत्।

विषयान्तर्गत भूमिस्वामी/आवेदिका उर्मिला दुबे उम्र-लगभग 75 वर्ष पति स्व. श्री शिव प्रसाद दुबे निवासी-क्वा. नं. 406/बी/3 बालको नगर कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-रिस्दा, प.ह.नं.-14, रानिमं.-पाढ़ीमार, तहसील-कोरबा स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 428/47 रकबा 0.0076 हे./825 वर्गफीट (प्लाट नंबर सी-12) भूमि को प्रस्तावित क्रेता-राजकुमारी शर्मा उम्र-लगभग 49 वर्ष पिता श्री बिपिन शर्मा जाति-भूमिहार ब्राम्हण निवासी-वार्ड क्र.-23, कृष्णा नगर कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के पास बिक्री करने की अनुमति चाहा है। जिसके लिए इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अतः उक्त भूमि को विक्रय करने के संबंध में आपके विभाग/कार्यालय का अनापत्ति प्रमाण पत्र/अभिमत इस न्यायालय में दिनांक 06.05.2004 तक भिजवाने का कष्ट करें।

सील — तहसीलदार कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.202403050400044
अ-21/2023-24
ग्राम- कोरबा, प.ह.नं.-16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी/आवेदिका श्रीमती पुष्पा श्रीवास्तव उम्र लगभग 49 वर्ष पति श्री विनय प्रकाश श्रीवास्तव जाति-कायस्थ निवासी-क्वा.नं.-एच.आई.जी.-91, महाराणा प्रताप नगर कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-कोरबा, प.ह.नं.-16, रानिमं.-कोरबा, तहसील-कोरबा, प्लाट नंबर 243/17 डी शिवाजी नगर स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 297/38 रकबा 0.0110 हे. $0.02^{3/4}$ को प्रस्तावित क्रेता-श्रीमती राधा साहू उम्र-लगभग 49 वर्ष पति रामकुमार साहू निवासी-मकान क्रमांक-बी-19, सुभाष ब्लॉक एस.ई.सी.एल. कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के पास बिक्री करने की अनुमति चाहा है। जिसके लिए इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 08/05/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 19/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

202312050600061
रा..प्र.क्र.-अ-6/2023-24
ग्राम- रिसदा, प.ह.नं.-14

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अरविंद यादव पिता श्री छेदूराम यादव जाति यादव निवासी म.नं. 320 गायत्री मंदिर रोड भदरापारा बालकोनगर तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम रिसदा प.ह.नं. 14 रा.नि.मं. पाढ़ीमार स्थित भूमि ख.नं. 846/4 रकबा 0.040 हे. भूमि को विक्रेता स्टीफन जार्ज पिता कार्तिक जार्ज जाति ईसाई निवासी कृष्णा पैलेस भवन क्रमांक 07 अमेरी रोड शांतिनगर बिलासपुर से पंजीकृत बैनामा विलेख दिनांक 23.11.2006 को क्रय करने पश्चात् उक्त भूमि को अपने नाम पर नामांतरण किये जाने बाबत छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 109, 110 के तहत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 13/05/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 22/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार कोरबा (छ.ग.)

## हत्या के मामले में दो आरोपियों को आजीवन कारावास

**सक्ती।** शादी तोड़वाने से आक्रोशित प्रेमी द्वारा अपने दोस्त के साथ मिलकर अपनी प्रेमिका की हत्या करने के मामले में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश डा. ममता भेजवानी ने प्रेमी और उसकेदोस्त को आजीवन कारावास और 25 हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है।अभियोजन के अनुसार नगरदा थाना क्षेत्र के ग्राम बुढनपुर निवासी अजय सिंह कंवर का प्रेम संबंध गांव के ही सहोदरा के साथ पिछले तीन वर्ष से था। दोनों अलग - अलग कंवर समाज के थे, इसलिए उनकी शादी नहीं हो रही थी। वर्ष 2022 को अजय की शादी किसी दूसरी लड़की से तय हुई थी । उसकी प्रेमिका सहोदरा को यह नागवार गुजरा और उसने अपने प्रेमी की शादी तोड़वा दी।

वह अजय से शादी करने के लिए जिद कर रही थी। इससे आक्रोशित अजय सिंह कंवर ने अपनी प्रेमिका की हत्या की योजना बनाई और 13 अप्रैल 2022 की रात लगभग आठ बजे उसने सहोदरा को बुढनपुर नाले के पास मिलने के लिए बुलाया। वहां पहले से अजय सिंह और उसके साथी नारायण मैत्री मौजूद थे। सहोदरा जब वहां पहुंची तो दोनों ने मिलकर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। उसका शव छिपाने के लिए पहले से खोदे गए गड्ढे में शव को दफन कर दिया। सहोदरा के गायब होने पर घर के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी और पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

विवेचना में उसके प्रेमी की शादी तय होने की बात सामने आई तो पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। तब अजय सिंह ने अपने साथी के साथ मिलकर हत्या करने और शव को दफन करने की बात कही और उसके निशान देही पर कलमी भाटा जंगल में गड्ढे से शव बरामद किया गया। शव के कपड़े से मृतिका की पहचान हुई। आरोपितों ने बताया कि सहोदरा की हत्या करने के उपरांत उसके शव को पूर्व में खोदे हुए गड्ढे में दफनाया गया था। कुछ दिन बाद वहां से शव की बदबू आने पर पुनः अपने अपराध को छिपाने के लिए शव को वहां से निकालकर दूसरे स्थान पर गड्ढा खोदकर दफनाया गया था। घटना में प्रयुक्त बोरी एवं मृतिका के मोबाइल को नहर में फेंक दिया गया तथा गड्ढा खोदने में उपयोग किये गये सब्बल व फावड़े को छिपा दिये थे। जिसे पुलिस ने जब्त किया और आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। मामले की सुनवाई कर प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश डा. ममता भोजवानी ने आरोपित अजय सिंह कंवर और नारायण मैत्री को भादवि की धारा 302, 34 के लिए आजीवन कारावास एवं 20 हजार रूपये अर्थदंड तथा धारा 201, 34 के लिए 5 वर्ष का कारावास एवं 5 हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक दुर्गा प्रसाद साहू ने पैरवी की।

### चौकीदार की हत्या कर जला दी लाश, जांच में जुटी पुलिस



**बिलासपुर।** कोटा थाना क्षेत्र बेलटुकरी के फार्म हाउस में चौकीदार की लाश संदिग्ध हालत में जली हुई मिली। घटना स्थल पर धारदार हथियार में खून के निशान और दीवारों पर खून के छींटे मिले हैं। इससे पुलिस को शक है कि उसकी हत्या कर लाश को जलाया गया है। हत्यारों ने साक्ष्य मिटाने के लिए शव को जलाया। ग्राम बेलटुकरी में ओंकार फॉर्म हाउस है।

गांव की बस्ती से दूर इस फॉर्म हाउस में रामफल यादव (45) चौकीदारी करता था। यहां वह अकेले रहता था। उसके परिवार के सदस्य गांव के घर में रहते हैं। रविवार को गांव के कुछ लोग फॉर्म हाउस की तरफ गए, तब उन्हें कुछ जलने का आभास हुआ। अंदर जाकर देखने पर उनके होश उड़ गए। फॉर्म हाउस के अंदर लाश जली हुई अवस्था पड़ी थी।

**CAVEAT NOTICE**

That, the Collector and District Magistrate, Korba District Korba (CG.), vide its order dated 20/07/2023, has allotted 50.280 hectares (124.24 acre) of land situated at P.H. No. 8, village Bhulsideeh, Tahsil Bhaisma District Korba to Dean, Late Bisahu Das Mahant Memorial Medical College, Korba (CG.). There is apprehension that a writ petition accompanied with the application for grant of interim relief may be filed challenging the order dated 20/07/2023 issued by the Collector and District Magistrate, Korba before the Hon'ble High Court of Chhattisgarh. That, the proposed respondent /State wishes to file a caveat before the Hon'ble High Court of Chhattisgarh in the matter. In the event of filing of writ petition against the order dated 20/07/2023 accompanied with the application for grant of interim relief, it would be imminent in the interest of justice to afford an opportunity of hearing to the Caveator/proposed respondent/ State before passing any interim / stay / protective order, in the ends of justice.

The address for notice to the caveator is being given here- inbelow.

**"The Advocate General, Office of the Advocate General, Chhattisgarh High Court Campus, Bodri, Bilaspur (CG.)"**

BILASPUR
DATED 12.04.2024

(SHASHANK THAKUR)
DY. ADVOCATE GENERAL
COUNSEL FOR THE CAVEATOR/STATE

G-242500022/2

## फसलों को सिंचित करने पानी छोड़ा, चेतावनी के बाद भी नहाने से 6 की मौत

**जांजगीर चांपा।** रबी फसल के लिए छोड़े गए नहर का पानी एक तरफ किसानों के लिए किसी अमृत की धार की तरह लग रहा है तो वहीं दूसरी ओर निस्तारी कर रहे या फिर नहर पार से गुजर रहे लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। रबी फसल सीजन में फरवरी माह से अब तक छह से अधिक लोगों की डूबने से मौत हो गई।

हर बार की तरह रविवार-सोमवार की दरमियानी रात फिर इसी नहर में डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। मृत युवक में एक निजी बैंक में ब्रांच मैनेजर होना बताया जा रहा है। तो वहीं दूसरा युवक उक्त ब्रांच मैनेजर को बचाने के फिराक में डूबना बताया जा रहा है। पुलिस ने दोनों के शवों को बरामद कर लिया है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

जांजगीर पुलिस के अनुसार पहला युवक रवि शंकर श्रीवास्तव पिता कृष्ण बिहारी श्रीवास्तव 33 निवासी राधा कृष्ण मंदिर के पास सिंचाई कॉलोनी जांजगीर रविवार की रात्रि लगभग 9.30 बजे घर से खाना लेने के लिए निकला था। जो राधा कृष्ण मंदिर के पास नहर के डिवाइडर से टकराकर नहर में गिर गया। परिस्थिति जन्य साक्षी के आधार पर जिसे बचाने के लिए जानकारी अनुसार विजय देवांगन पिता स्वर्गीय मनहरण देवांगन 18 निवासी जांजगीर नहर पानी में उतर गया।

रवि शंकर को बचाने के प्रयास में स्वयं भी उसके साथ बह गया। परिजन की सूचना पर गुम इंसान काम किया गया था। पुलिस द्वारा लगातार दोनों युवको की पातासाजी की जा रही थी। सोमवार की सुबह रवि शंकर श्रीवास्तव का शव केंद्रीय विद्यालय के पीछे सकरी नहर खोखरा में मिला तथा विजय देवांगन का शव पानी में तैरता हुआ धुरकोट से भैंसदा रोड के नहर में मिला। जिसकी पंचनामा कार्रवाई कर पुलिस द्वारा अग्रिम जांच की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंपा है।

**हादसे की प्रमुख वजह यह भी**

नहर पार में चमचमाती सड़क बन रही है। लोग शार्टकट के फेर में नहर से ही आवागमन करना शुरू कर दिए हैं। नहर पार की सड़क में आवागमन का लगातार दबाव बन रहा है। अधिकतर नहर में सपोर्टिव वॉल नहीं बनी है। जो बनी भी है वह दुर्घटना की वजह से टूट भी गई है। इसके चलते लोग ऐसे स्थानों में गिरकर नहर के पानी में डूब जाते हैं। ऐसे में लगातार लोगों की जान जा रही है। लोगों की माने तो ऐसे नहर में सपोर्टिव वॉल का होना जरूरी है। नहीं तो इसी तरह की हादसे होते रहेंगे।

**रात भर परेशान रही पुलिस, सुबह लगा सुराग**

दो युवकों के गमुशुदगी की रिपोर्ट शनिवार रात को ही दर्ज की गई थी। युवकों के परिजनों के द्वारा भी लगातार पताशाजी की जा रही थी। लेकिन रात भर सुराग नहीं लगा। पुलिस भी दोनों युवकों को ढूंढने के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। लेकिन



रात भर दोनों का सुराग नहीं लगा। आखिरकार युवकों का शव नहर में तैरते मिला। दरअसल, खेत में काम कर रहे लोगों ने देखा कि नहर में शव बहकर आ रहा है। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव मिलने से राहत की सांस ली।

**अनमोल वचन**

समय, शक्ति और पैसा,
कभी भी एक साथ नहीं आते!

# गरीब और पिछड़े वर्गों के हितों का ध्यान रखें

कार्यस्थल पर कोई भी निर्णय लेते समय देश के गरीब और पिछड़े वर्गों के हितों का ध्यान रखें। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) के अधिकारियों के समूह से मुलाकात के दौरान कहा। आर्थिक संकेतक प्रगति के उपयोगी मापदंड माने जाते हैं, इसलिए सरकारी नीतियों को प्रभावी और उपयोगी बनाने में अर्थशास्त्रियों की भूमिका को उन्होंने बहुत उपयोगी बताया। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा, भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है, ऐसे में उन्हें आने वाले समय में अपनी क्षमताओं को पूरी तरह विकसित कर उनका उपयोग करने के असंख्य अवसर मिलेंगे। कार्यस्थल पर नीतिगत सुझाव देते समय या निर्णय लेते हुए देश के गरीब और पिछड़े वर्गों के हितों का ध्यान रखें। आर्थिक विश्लेषण और विकास कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के साथ ही संसाधन वितरण प्रणाली और योजनाओं के मूल्यांकन के लिए उचित सलाह प्रदान करने की बात भी उन्होंने की। 2022-2023 के बैच के आईईएस अधिकारियों में 60 प्रतिशत महिलाओं के होने की बात की और इससे महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए काम करने का आग्रह भी किया। ऐसे दौर में जब आर्थिक विसंगतियां बढ़ती जा रही हैं, राष्ट्रपति द्वारा अधिकारियों को यह सलाह देना देशवासियों के प्रति उनके मानवतावादी रवैये का द्योतक है। गरीबों और जरूरतमंदों के लिए बनाई गई सरकारी नीतियां जब तक प्रभावी नहीं होंगी, तब तक उनका लाभ लक्षित वर्ग तक पहुंचना मुश्किल है। देखने में आता है कि सरकारें योजनाएं बना कर उन्हें बिसरा देती हैं। उच्चाधिकारियों के हाथ में है कि वे इनका क्रियान्वयन सुबीते से करें। निस्संदेह इस तरह की नौकरियों में देश के हर वर्ग और हर प्रांत के अधिकारियों का चयन होता है, इसलिए उन्हें बुनियादी समस्याओं और संकटों का भान होता है। स्वयं राष्ट्रपति ऐसे समुदाय और वर्ग से निकल कर सबसे बड़े पद तक पहुंची हैं कि उन्हें देशवासियों की समस्याओं का न केवल अहसास है, बल्कि गरीबों और महिलाओं के समक्ष आने वाली चुनौतियों को भी उन्होंने करीब से देखा है। किसी भी समाज की प्रगति तभी नजर आती है, जब उसका सर्वांगीण विकास हो रहा हो। कहना न होगा कि आर्थिक असंतुलन ने हमारे संकटों को बढ़ाया है। यह चुनौती है, जिससे निपटना बेहद जरूरी है।

## राशिफल

मेष राशिः आज का दिन फेवरेबल रहेगा। इस राशि के राज नेताओं के लिए आज का दिन अच्छा है। आज आप लवमेट को रिंग गिफ्ट कर सकते हैं। आज किसी निर्णय कार्य में बार-बार बदलाव की वजह से उसमें टाइम लग सकता है। आज लोगों का आपके ऊपर विश्वास बढ़ेगा, अपने कार्यों के लिए आपसे सलाह लेंगे। अपना वक्त बर्बाद न करें। जरूरतमंद को खाना खिलाने से आपका मन खुश रहेगा।

वृष राशिः आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आज सोचा हुआ काम पूरा हो जाएगा। जिससे आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। आज आपको रोजगार मिलने के योग बन रहे हैं। किसी नजदीकी रिश्तेदार के आने से घर में खुशियों का माहौल रहेगा। लम्बे वक्त से आ रही दिक्कतों को आज ही हल करने की जरूरत है, इसलिए सकारात्मक सोचें तो सफलता जरूर मिलेगी।

मिथुन राशिः आज का दिन कॉन्फिडेंस के साथ शुरू होगा। कार्यस्थल पर लोगों के द्वारा प्राप्त हो रही जानकारी का इस्तेमाल अपने काम को बेहतरीन बनाने के लिए करने की आवश्यकता है। आज का दिन बाहर घूमने-फिरने में बीतेगा। परिवार के साथ मनोरंजन के लिए कहीं दूर ट्रिप का प्लान बना सकते हैं, सभी सदस्यों में उत्साह बना रहेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा हो सकता है।

कर्क राशिः आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। बिना वजह घर के किसी सदस्य पर गुस्सा न करें। आज आपको किसी अपने से धन की प्राप्ति होगी। किसी नए काम की शुरुआत पूरे उत्साह के साथ करें, लेकिन प्रयत्न में सतर्कता भी रखें। आज घर और काम में संतुलन बनाए रखेंगे। किसी व्यक्ति के प्रति विश्वास बढ़ेगा। अपनी भावनाओं को व्यक्त करने से पहले व्यक्ति के स्वभाव को ठीक से जानना होगा।

सिंह राशिः आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आप किसी बात को लेकर सोच विचार में रहेंगे। आज आपके मन में कुछ नया करने की इच्छायें जागृत होंगी। किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए परिस्थिति के अनुसार अपना व्यवहार रखें। छात्रों को फार्म भरने संबंधी कार्य के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार के साथ बाहर मूवी का प्लान बन बनेगा।

कन्या राशिः आज का दिन महत्तवपूर्ण रहेगा। आपकी सारी इच्छाएं पूरी होगी। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। लवमेट के साथ शादी फिक्स हो सकती है। दोस्तों के साथ बाहर घूमने कस प्लान बन सकता है। बिजनेस के सिलसिले में आप यात्रा पर जा सकते है। घर में परिवार के साथ टाइम स्पेंड करने से रिश्तों में मजबूती बनी रहेगी।

तुला राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस में नए प्रयोग करने में आप सफल होंगे। आज आप जो भी सोचेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। पहले किये गये कामों से आज बेहतर परिणाम प्राप्त होगा। अधिकारी वर्ग आपके काम की तारीफ करेंगे। प्रॉपर्टी से जुड़े काम आज पूरे हो सकते हैं। आप की आर्थिक स्थिति में अनुकूल परिणाम देखने को मिलेंगे।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज आपके मन में बहुत-सी सकारात्मक भावनाएं आयेंगी। इस राशि के बेरोजगार लोगों को रोजगार के सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। बेहतर होगा आज सामानों की लिस्ट बनाकर ही बाजार जाएं। इस राशि के छात्रों को कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। किसी नये कॉलेज में एडमीशन लेने के लिए आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है। परिवार के साथ किसी ट्रिप पर जाएंगे, जहां खूब इंजॉय करेंगे।

धनु राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में किसी सहकर्मी से मदद मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में तरक्की होनी तय है। इस राशि की महिलाएं नए कपड़े खरीदने के लिए शॉपिंग के लिए जा सकती हैं। आप किसी काम में अच्छी परफॉरमेंस देने के लिए कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। ऑफिस में नई जिम्मेदारियां मिलेंगी। माता-पिता आपकी मेहनत से खुश रहेंगे।

मकर राशिः आज आपका दिन सुनहरे पल लेकर आया है। आज परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप कुछ नया करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं। काम करने में आसानी होगी। कोई भी काम करने से पहले उसकी रूपरेखा जरूर बना लें। अपने आप पर विश्वास रखें। शाम को बच्चों के साथ समय बिताने पर आप राहत महसूस करेंगे। आज आप अपने दोस्तो के साथ गोल्फ खेलने जा सकते हैं।

कुंभ राशिः आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दाम्पत्य रिश्ते में नई ताजगी महसूस करेंगे। निवेश लाभदायक सिद्ध होगा। आज आपकी कोशिशें पूरी हो सकती हैं। आप नए लोगों से संपर्क कर सकते हैं। आज आप कोई महत्वपूर्ण काम कर सकते हैं, जो भविष्य में आपको बड़ा फायदा देने वाला रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपकी अच्छी तालमेल बनी रहेगी। सीनियर्स आपके काम से प्रसन्न होंगे। आपके लिए पदोन्नति के आसार हैं आपकी सैलेरी में इन्क्रीमेंट भी हो सकता है।

मीन राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किसी बड़े मामले पर समझौता करने और सहयोग करने के लिए आप तैयार रहें। ऑफिस में रुके हुए काम आज पूरे हो जाएंगे। आज कई महत्वपूर्ण कामों में बदलाव भी होंगे। इस स्थिति में किस्मत आपका साथ देगी। आज अपने कामों में कामयाबी का परचम लहरायेंगे। आज खुद को मेंटली और फिजिकली फिट महसूस करेंगे।

# आकषर्ण समाज के हर वर्ग में हैं

//अवधेश कुमार//

**इस समय लोक सभा चुनाव को लेकर कई तरह के मत हमारे सामने आ रहे हैं। सबसे प्रबल मत यह है कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अपने सहयोगी दलों के साथ तीसरी बार भारी बहुमत से सरकार में लौट रही है। कुछ लोग प्रधानमंत्री के 370 भाजपा के और सहयोगी दलों के साथ 400 सीटें मिलने तक की भी भविष्यवाणी करने लगे हैं। दूसरी ओर, विपक्ष इसे खारिज करते हुए कहता है कि भाजपा चुनाव हार रही है और वह 200 सीटों से नीचे चली पाएगी।**

विपक्ष भाजपा की आलोचना करती है, नरेन्द्र मोदी पर सीधे प्रहार भी करती है, पर अपने समर्थकों और भाजपा विरोधियों के अंदर भी विश्वास नहीं दिला पाती कि वाकई वह भाजपा से सत्ता छीनने की स्थिति में चुनाव लड़ रहे हैं। आईएनडीआईए गठबंधन (इंडिया) की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस से नेताओं के छोड़कर जाने का कायम सिलसिला इस बात का प्रमाण है कि पार्टी के अंदर कैसी निराशा और हताशा है। तो फिर इस चुनाव का सच क्या हो सकता है? आखिर 4 जून का परिणाम क्या तस्वीर पेश कर सकता है? इस चुनाव की एक विडंबना और है। भाजपा के नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों का एक वर्ग स्वयं निराशाजनक बातें करता है।

व्यक्तिगत स्तर पर मेरी ऐसे अनेक लोगों से बातें होती हैं, जो चुनाव में जमीन पर हैं या वहां होकर लौट रहे हैं। इनमें ऐसे लोगों की संख्या बड़ी है जिनमें उत्साह या आशावाद का भाव न के बराबर मिलता है। वे बताते हैं कि जैसी दिल्ली में या बाहर हवा दिखती है धरातल पर वैसी स्थिति नहीं है। जब उनसे प्रश्न करिए कि धरातल की स्थिति क्या है तो सबके उत्तर में कुछ सामान बातें समाहित होती हैं, गलत उम्मीदवार के कारण लोगों के अंदर गुस्सा या निराशा है, गठबंधन को सीट देने के कारण अपने लोगों के अंदर निराशा है, गठबंधन ने ऐसे उम्मीदवार खड़े किए हैं जिनका बचाव करना या जिनके लिए काम करना भाजपा के कार्यकर्ताओं के लिए कठिन हो गया है आदि। कुछ लोग अनेक क्षेत्रों में जातीय समीकरण की समस्या का उल्लेख भी करते हैं। एक समूह यह कहता है कि आम कार्यकर्ताओं और नेताओं की सरकार में उपेक्षा हुई है, उनके काम नहीं हुए हैं, उनको महत्त्व नहीं मिला है और अब लोगों का धैर्य चूक रहा है।

यहां तक कि जिस तरह के लोगों को पुरस्कार, पद, प्रतिष्ठा या टिकट दिया गया है उनसे भी लोग असहमति व्यक्त करते हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं समर्थकों के साथ विपक्ष की बातों को मिला दिया जाए तो निष्कर्ष यही आएगा कि भले भाजपा 400 पार का नारा दे, लेकिन यह हवा हवाई ही है। किंतु क्या यही 2024 लोक सभा चुनाव की वास्तविक स्थिति है। यह बात सही है कि अनेक राज्यों, जिनमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल आदि को शामिल किया जा सकता है वहां पार्टी के अंदर कई जगह उम्मीदवारों को लेकर विरोध है। कुछ उपयुक्त लोगों को टिकट न मिलना तथा ऐसे सांसदों को फिर से उतारना जिनको लेकर कार्यकर्ता नाराजगी प्रकट करते रहे हैं विरोध का एक बड़ा कारण है। साथी दलों ने भी भाजपा के लिए समस्याएं पैदा की है। उदाहरण के लिए बिहार में लोजपा ने ऐसे उम्मीदवार उतारे जो परिवारवाद का साक्षात प्रमाण है और भाजपा के लोगों के लिए इनका बचाव करना कठिन है।

कुछ साथी दलों ने प्रभाविता और साक्षमता की जगह व्यक्तिगत संबंध और परिवार को टिकट देने में प्रमुखता दिया। बिहार के जमुई में प्रधानमंत्री मोदी स्वयं प्रचार के लिए गए और वहां भाजपा के लोगों ने पूरी ताकत लगाई। इसका असर भी हुआ। बावजूद यह प्रश्न किया जा रहा है कि किसी नेता के बहनोई या 26 साल की एक लड़की को, जिसके पिता साथी दल में नेता हैं उनको हम अपना नेता या प्रतिनिधि मानकर कैसे काम करें? स्वर्गीय रामविलास पासवान की राजनीति परिवार के इर्द-गिर्द सिमटी रही। जद (यू) की ओर से भी ऐसे कई उम्मीदवार हैं, जिन्हें भाजपा और राजग के परंपरागत कार्यकर्ता और समर्थक स्वीकार नहीं कर रहे। भाजपा के भी कुछ ऐसे उम्मीदवार हैं, जिनके बारे में नेता कार्यकर्ता कह रहे हैं कि हम पर उन्हें थोप दिया गया है। झारखंड में भी बाहर से लाकर टिकट देने और ऐसे उम्मीदवार को खड़ा करने, जिनको भाजपा पहले नकार चुकी हो समस्या पैदा कर रही है। किंतु इसका यह अर्थ नहीं कि 4 जून का परिणाम भी इसी के अनुरूप आएगा।

यह सही है कि अगर भाजपा और राजग में उम्मीदवारों के चयन में ज्यादा सतर्कता बरती जाती, स्थानीय नेतृत्व के चयन की सही तरीके से जांच होती तो स्थिति पूरी तरह वैसी ही उत्साहप्रद होती जैसी चाहिए। बावजूद देशव्यापी व्याप्त अंतर्धारा क्या है? 10 वर्षो की नरेन्द्र मोदी सरकार का प्रदर्शन, प्रधानमंत्री की स्वयं की छवि, वर्षो तक संगठन परिवार द्वारा हिंदू समाज के बीच किए गए सकारात्मक कार्य, 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा, विरोधियों द्वारा हिन्दुत्व को लेकर उपेक्षा या प्रहार का व्यवहार तथा अल्पसंख्यकों विशेषकर मुसलमानों का वोट लेने के लिए विपक्षी दलों की प्रतिस्पर्धा भाजपा के पक्ष में ऐसा आधार बनाती है जिसका कोई विकल्प नहीं। भाजपा के समर्थकों में एक बड़ा वर्ग विचारधारा के कारण जुड़ाव रखता है और पिछले कुछ वर्षो के कायरे के कारण हिन्दुओं के अंदर हिन्दुत्व एवं भारतीय राष्टभाव की चेतना प्रबल हुई है।

वह बहस करते हैं कि आखिर भाजपा नहीं होती तो क्या अयोध्या में राम मंदिर बनता और ऐसी प्राण प्रतिष्ठा होती? वे धारा 370 से लेकर समान नागरिक संहिता, तीन तलाक कानून, नागरिकता संशोधन कानून आदि की चर्चा करते हैं। नागरिकता संशोधन कानून का तो आईएनडीआईए के ज्यादातर दलों ने विरोध किया है। उन्हें लगता है कि घातक अल्पसंख्यकवाद पर अगर किसी पार्टी की सरकार द्वारा नियंत्रण लगा है तो भाजपा ही है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार के प्रभावों के कारण जिन माफियाओं पर सरकारें उनके समुदाय के कारण हाथ डालने से बचती थी, वे मटियामेट हुए हैं, सड़कों पर नमाज पढ़ना बंद हुआ है। स्वाभाविक ही उन्हें लगता है कि आने वाले समय में कोई पार्टी अगर इन सब पर काम कर सकती है तो वह भाजपा ही है। दूसरी ओर सामाजिक न्याय एवं विकास को मोदी सरकार ने जिस तरह से व्यावहारिक रूप दिया है उसका बड़ा आकषर्ण समाज के हर वर्ग में है।

# संकटों से घिरती दुनिया

//डॉ. सुरेन्द्र कु. मिश्र//

**ईरान-इजराइल युद्ध को लेकर पूरी दुनिया एक बार फिर संकटों से घिरती नजर आ रही है। ईरान ने इजराइल पर अपने ड्रोन और मिसाइलों से प्रतीक्षित पहला प्रत्यक्ष हमला कर दिया है। इजराइल सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी के अनुसार 'ईरान ने 300 से अधिक आत्मघाती ड्रोन, बैलेस्टिक मिसाइलों तथा क्रूज मिसाइलों द्वारा हमला कर दिया है। वास्तव में यह संकटपूर्ण स्थिति है।'**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तेल अवीव में युद्ध की घातक स्थिति को ध्यान में रखते हुए अपनी कैबिनेट की बैठक बुलाई और कहा, 'हमारी रक्षात्मक प्रणाली जहां तैयार, तैनात और तत्पर है वहीं अब हम रक्षात्मक तथा आक्रमणात्मक, दोनों तरह से किसी भी स्थिति के लिए भी पूरी तरह से तैयार हैं।' वास्तव में यह तनाव और तनातनी उस समय चरम पर जा पहुंची जब इजराइल के 1 अप्रैल को सीरिया की राजधानी दमिश्क स्थित ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हवाई हमले से ईरान के एक वरिष्ठ जनरल सहित सेना के सात अधिकारी मारे गए। उसी दिन इजराइल को दंडित करने की घोषणा, ईरान द्वारा सार्वजनिक रूप से कर दी गई थी।

आखिरकार, आशंका हकीकत में बदल गई और ईरान ने इजराइल पर ड्रोन और मिसाइलों से बौछार शुरू कर दी और कहा कि इजराइल ने हमले की जो पहल की थी, उसी का यह जवाब है। संयुक्त राष्ट चार्टर के अनुच्छेद 51 के आधार पर यदि संयुक्त राष्ट्र के किसी सदस्य के विरु द्ध सशस्त्र हमला होता है, तो वर्तमान चार्टर में कुछ भी व्यक्तिगत या सामूहिक आत्मरक्षा के अन्तर्निहित अधिकार को खराब नहीं करेगा, जब तक कि सुरक्षा परिषद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए आवश्यक उपाय नहीं करती। ईरान ने इसका ध्यान रखते हुए 13 दिन बाद आखिरकार, इजराइल की कार्रवाई का बदला लिया।

इस बहुउद्देशीय हमले का प्रमुख लक्ष्य इजराइल के एअर डिफेंस सिस्टम को कमजोर करना रहा। ईरान ने इस हमले को 'ऑपरेशन टू प्रॉमिस' नाम दिया और कहा कि यह इजराइल के अपराधों की सजा है। इस घटना से सतर्क इजराइल ने अपने आयरन ड्रोन एयर डिफेंस सिस्टम भी एक्टिव किए जो अधिकांश हमलों को नाकाम करने में सफल रहे। ईरानी मिसाइलों ने नेगेव रेगिस्तान में इजराइली एयरबेस को भी तबाह कर दिया। तेहरान की खबर के अनुसार यहीं से इजराइल ने दमिश्क में हमला करके ईरानी दूतावास पर मिसाइलें दागी थीं।

इस हमले के बाद इजराइल ने संयुक्त राष्ट से ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग की। आईआरजीसी ईरानी सशस्त्र बलों की एक शाखा है, जिसकी स्थापना 22 अप्रैल, 1979 को अयातुल्ला रुहोल्ला मोसाबि खुमैनी के आदेश से ईरानी क्रांति के पश्चात की गई थी। हमास ने इजराइल पर ईरान के हमले का स्वागत किया है, और कहा कि यह एक प्राकृतिक अधिकार और योग्य प्रतिक्रिया है। ईरान ने इजराइल के साथ ही अमेरिका को भी चेतावनी दी है कि इजराइली सैन्य कार्यवाही का समर्थन न करे। ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल मोहम्मद बखेरी ने स्टेट दूरदर्शन को बताया, 'अगर इजराइल ने ईरान के विरुद्ध जवाबी कार्रवाई की तो हमारी प्रतिक्रिया आज की सैन्य कार्रवाई से कहीं अधिक बड़ी होगी। यदि अमेरिका इजराइल को सहयोग देगा तो अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया जाएगा।' अमेरिकी राष्टपति जो बाइडेन ने इजराइल के प्रधानमंत्री से नेतन्याहू से कहा है कि अमेरिका इजराइल के किसी भी जवाबी हमले का विरोध करेगा और किसी भी जवाबी कार्रवाई में हिस्सा नहीं लेगा। क्या इजराइली प्रधानमंत्री अपनी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा के लिए जवाबी कार्रवाई करके दुनिया के लिए संकट का एक नया द्वार खोल देंगे। इजराइल काउंटर कार्रवाई करता है तो निश्चित रूप से युद्ध का सिलसिला बढ़ता ही जाएगा। जल्द थमने का नाम नहीं लेगा। लेबनानी मीडिया की रिपोर्ट है कि इजराइल ने सीमा से लगभग 100 किलोमीटर दूर हमला किया है जबकि जोर्डन का कहना है कि उसने अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रोजेक्टाइल को रोका है। इजराइल तथा अमेरिका के जेट विमानों ने सीरियाई हवाई क्षेत्र में दर्जनों ईरानी ड्रोनों को मार गिराया और वे सभी लक्ष्य के पूर्व ही निरस्त कर दिए गए। ये दर्जनों ड्रोन और मिसाइल दक्षिण सीरिया के डेरा प्रांत, सीरियाई गोलान हाइट्स और इराक के साथ सीमा पर पूर्वी सीरिया के अनेक स्थानों पर उड़ रहे थे। जॉर्डन के प्रधानमंत्री बिशेर खसावनेह का कहना है कि क्षेत्र में कोई भी तनाव 'खतरनाक रास्ते' की ओर ले जाएगा और सभी पक्षों को तनाव करने तथा नियंत्रित करने की आवश्यकता है। ईरान द्वारा आकस्मिक बड़े आक्रमण के बाद इजराइल ने स्वीकार किया, 'इन हमलों से केवल हमारे एक सैन्य अड्डे को मामूली क्षति हुई है, और अधिकांश हवाई खतरों को रोक दिया गया।' उधर, अमेरिका जी-7 देशों (कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, यूके तथा यूएसए) की आपात बैठक में इस समस्या पर विचार-विमर्श करेगा। संयुक्त राष्ट और नाटो ने इस मामले पर बैठक बुलाई है। इजराइल ने 24 घंटे के अंदर काउंटर अटैक करने की बात तो कही है, किन्तु वह भी भलीभांति जानता है कि भले ही अमेरिका, फ्रांस, इंग्लैंड सहित अनेक देशों का उसे साथ मिल रहा है, किन्तु यूक्रेन की तरह स्वयं को ही परिणाम भुगतना पड़ेगा। दूसरी ओर, ईरान का साथ देने के लिए रूस, चीन और उत्तर कोरिया नजर टिकाए हुए हैं। भारत भी ऊहा-पोह की स्थिति में है, क्योंकि ईरान और इजराइल के साथ उसके मित्रवत संबंध हैं। इसलिए भारत इजराइल को संयम, नियम एवं धैर्य से काम लेने की सलाह दे रहा है। इजराइल भी इस समय असमंजस में है, क्योंकि हमास, हुती और हिजबुल्लाह (एच-3) के साथ चौथे मोर्चे पर ईरान संभल कर जवाब देना चाहेगा किन्तु नेतन्याहू अपनी सुरक्षा और प्रतिष्ठा के कारण ईरान पर कार्रवाई करते हैं, तो इस महासमर में विरोधी और समर्थक देशों के जुड़ने के आसार भी बहुत बढ़ जाएंगे। कहीं जवाबी हमला अपनी सीमाओं से हटकर दुनिया के अन्य देशों को भी अपनी चपेट में न ले ले। यदि संकटों से घिरती दुनिया पर समय पर ध्यान नहीं दिया गया, तो कल बहुत देर हो जाएगी।

# स्वार्थ की जंग में राष्ट्रीयता की शहादत

//डा. रवीन्द्र अरजरिया//

देश में चुनावी जंग जारी है। सभी राजनैतिक पार्टियां अपनी निर्धारित नीतियों-रीतियों के अलावा तात्कालिक हथकण्डे आजमाने में लगीं हैं। बंगाल का चुनावी इतिहास आतंक के साये में हमेशा से ही फलता-फूलता रहा है। कभी लाल सलाम का रंग चढता रहा तो कभी दीदी की दादागिरी चलती रही। घुसपैठियों की दम पर सत्ता हथियाने की मुहिम चलाने वाली तृणमूल मुखिया पर तो देश की सरकारी एजेन्सियों तक पर आक्रमण करवाने के आरोप लगते रहे हैं। पूर्व घोषित दंगों का व्यवहारिक स्वरूप सामने आने के बाद से तो वहां के आम निवासियों में भय व्याप्त होने लगा है। पुलिस के सामने ही अपराधों का कीर्तिमान गढने का जो सिलसिला प्रारम्भ हुआ, वह निरंतर जारी है। तुष्टीकरण के हथियार से देश को रक्तरंजित करने का षडयंत्र करने वाली पार्टियां कभी देश के टुकडे-टुकडे गैंग को चुनावी जंग में जहरीली सोच के साथ उतारतीं हैं तो कभी आतंक के पर्याय रहने वालों को गले लगाते हैं। सिध्दान्तों की होली जलाकर स्वार्थ सिध्दि का परिणाम पाने वालों की संख्या में निरंतर बढोत्तरी होती जा रही है। हिन्दूवादी छवि के साथ बाला साहब ठाकरे ने शिवसेना का गठन किया था। उनके शरीर त्यागते ही पार्टी हथियाने का संग्राम शुरू हो गया। विरोधी नीतियों के पक्षधरों के साथ मिलकर सत्ता-सिंहासन लेने का क्रम चल निकला। मुसलमानों को संरक्षण देने के नाम पर बनाई गई आल इण्डिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने अनेक अवसरों पर विरोधियों को गले लगाकर अपने सिध्दान्तों को कफन पहना दिया।

दलितों की मसीहा बनने वाली बहुजन समाज पार्टी की नीतियों ने आधारभूत सिध्दान्तों को तिलांजलि देकर अपने विरोधियों के साथ मिलकर अनेक बार सरकार बनाई। जनता दल यूनाइटेड ने तो अपने आदर्शो को स्वार्थ की देहलीज पर किस्तों में कत्ल करके अनेक बार सत्ता पर काबिज हुई। स्वार्थपूर्ति में बाधा पडते ही असंतुष्टों व्दारा तो पुराने संगठन से दूरी बनाकर स्वयं के दल की घोषणा तक की जाती रही है। शासक बनने के लिए कोई भी कीमत चुकाने को तैयार लोगों ने देश की अतीतकालीन संवेदनाओं, भावनाओं और चिन्तन को अनन्त गहराई में दफन कर दिया है। इस सारे क्रिया कलापों का स्पष्ट प्रतिबिम्ब राजनैतिक दलों के घोषणा पत्रों, न्याय पत्रों, संकल्प पत्रों आदि में परिलक्षित हो रहा है। अनेक दलों के संयुक्त गठबंधनों की अपनी कोई सांझी कार्ययोजना सामने नहीं आई है।

## तस्वीरों की दुनिया



छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए एक चुनावी रैली के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को माला पहनाई गई।



यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के टॉपर आदित्य श्रीवास्तव का उनके गृहनगर लौटने पर लखनऊ हवाई अड्डे पर स्वागत किया गया।



टीवी कलाकार दीपिका चिखलिया और सुनील लाहिड़ी ने लोकसभा चुनाव के बीच मेरठ में भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल के लिए प्रचार किया।



लोकसभा चुनाव के बीच उज्जैन में रोड शो के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और भाजपा नेता योगी आदित्यनाथ आगरा जिले के फतेहपुर सीकरी में लोकसभा चुनाव के लिए एक सार्वजनिक बैठक के दौरान।




अलीगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए एक सार्वजनिक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य।



जयपुर में महावीर जयंती पर एक धार्मिक जुलूस में हिस्सा लेते जैन समुदाय के सदस्य।

# चुनावी मौसम में वित्तीय लेन-देन पर रखी जा रही कड़ी नजर, पेटीएम-फोनपे को आरबीआई ने किया सतर्क




**नईदिल्ली, 23 अप्रैल [एजेंसी]।**

चुनावी मौसम में सरकारी एजेंसियां जहां लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व को सही तरह से समापन कराने में जुटे हैं वहीं वित्तीय लेन-देन की भी जबरदस्त तरीके से निगरानी की जा रही है। सरकारी या निजी क्षेत्र के बैंकों के स्तर पर संदेहास्पद वित्तीय लेन-देन की जानकारी जुटाने और उनकी सूचना संबंधित एजेंसियों को देने का काम पहले से भी ज्यादा मुस्तैदी से चल रहा है। साथ ही आरबीआई के निर्देश पर वित्तीय लेन देन में मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले प्रौद्योगिकी प्लेटफार्मों से भी हर तरह की सूचनाएं जुटाई जा रही हैं। आरबीआई के ताजे निर्देश के बाद रेजरपे, कैशफ्री, इंफीबीम जैसी पेमेंट गेटवे कंपनियां, पेटीएम, मोबीक्विक, गूगलपे, फोनपे जैसे पेमेंट एप और वीजा, मास्टरकार्ड, रूपे जैसी कार्ड नेटवर्क की सुविधा देने वाली कंपनियों से सूचनाएं ली जा रही हैं। आरबीआई ने पिछले दिनों देश में कार्यरत पेमेंट सिस्टम आपरेटर्स (पीएसओ) को एक पत्र लिख कर उनसे चुनावी मौसम में संदिग्ध लेन-देन की निगरानी करने और ज्यादा राशि के लेन-देन को लेकर सतर्क रहने को कहा गया है। निजी क्षेत्र की इन एजेंसियों को यह भी कहा गया है कि वह आरबीआई के पहले से निर्धारित नियमों के मुताबिक केंद्रीय स्तर पर सूचनाओं को साझा करते रहें। दरअसल, आरबीआई के मौजूदा नियमों के मुताबिक हर बैंक शाखा को संदिग्ध वित्तीय लेन-देन की सूचना निश्चित अंतरराल पर शीर्ष स्तर पर साझा करनी है। आरबीआई की तरफ से लिखे गये पत्र के बारे में बैंकिंग सेक्टर के सूत्रों का कहना है कि यह भारत में फिनटेक क्रांति के पूरी तरह से चरम पर पहुंचने के बाद पहला आम चुनाव है। वर्ष 2019 में भी फिनटेक क्रांति इतनी चरम नहीं थी और पेमेंट गेटवे की सुविधा देने वाली दर्जनों कंपनियां भी तब नहीं थी या जो थी उनका विस्तार काफी सीमित था। ऐसे में आरबीआई की यह चिंता जायज है क्योंकि पहले सिर्फ बैंकिंग चैनल के जरिए ही वित्तीय लेन-देन का मामला होता था और किसी भी तरह की वित्तीय गड़बड़ियों की निगरानी का काम बैंक शाखाओं के स्तर पर हो सकता था। अब कई विकल्प हैं। इसलिए ज्यादा सतर्कता जरूरी है।

चुनाव आयोग का डाटा कहता है कि 01 मार्च से 13 अप्रैल, 2024 के बीच कुल 4650 करोड़ रुपये के मूल्य के नकदी, उपहार, मादक द्रव्य या दूसरी गैरकानूनी वस्तुएं पकड़ी गई हैं। इसमें 395 करोड़ रुपये नकदी है जो विभिन्न वित्तीय एजेंसियों की सूचनओं पर जांच एजेंसियों ने जब्त किये हैं। दरअसलस, आरबीआई के स्तर पर उक्त पत्र चुनाव आयोग के कहने पर ही लिखा गया है। चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और चुनाव से कालेधन के इस्तेमाल को रोकने के लिए चुनाव आयोग ने आरबीआई का सहयोग मांगा है। सनद रहे कि चुनाव आयोग ने पिछले महीने ही सभी बैंकों को कहा था कि वह रोजाना संदिग्ध वित्तीय लेन-देन की सूचना उसे दे।

# भरे पंडाल में पीएम मोदी ने पलटा गियर जनता से कहा- आपका जवाब गलत है



**अलीगढ़, 23 अप्रैल [एजेंसी]।**

जनता के दिल में उतरने की कला भी पीएम मोदी को बखूबी आती है। खुद किए हुए प्रयासों का श्रेय न लेकर सामने वाले को दे देने की कला पर सभी रीझ गए। जनता को पहले सरकारी योजनाओं की उपलब्धियां बता डालीं। पीएम मोदी ने कहा कि कहा राशन पूरा मिल रहा है, पहले बिचौलिये खा जाते थे। आयुष्मान योजना का लाभ भी मिल रहा है। इसके साथ ही घर पर 70 वर्ष से ऊपर आयु के बुजुर्ग, जो कोई काम नहीं कर सकते, जिनकी आय का साधन नहीं है, उनको पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज की व्यवस्था भी करेंगे। पीएम मोदी ने कहा घर मुफ्त में उपलब्ध कराए हैं। इलाज, राशन, घर सब काम हो रहे हैं। जनता से पूछा ये किसने किया। मोदी ने... के जवाब से पंडाल गूंज गया। इसके बाद यही सवाल तीन-चार बार पूछा, किसने किया-किसने किया। एक सवाल का एक ही जवाब मोदी ने-मोदी ने।

इस पर तुरंत पीएम ने गियर पलट दिया और बोले आपका जवाब गलत है। ये सब काम मोदी ने नहीं आपके एक वोट ने किए हैं। इन पुण्य कार्यों में आप भी हकदार हैं। 10 वर्ष में जो किया वो तो ट्रेलर है...। अभी बहुत काम करने हैं। इतना कहते ही पंडाल मोदी-मोदी के नारों से गूंज गया।संबोधन में ही मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आजादी के बाद जितना औद्योगिक विकास नहीं हुआ, वो अकेले योगी जी के काल खंड में हुआ है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट का उनका मिशन आज पूरे देश में नई इज्जत बना रहा है। आपने बुलडोजर-बुलडोजर की बात कही। अगर विकास को कोई नई ऊंचाइयों पर ले गया तो वो योगी सरकार ले गई है। उन्होंने सीएम योगी की तारीफ करते हुए कहा कि मैं गर्व करता हूं कि मेरे पास ऐसे साथी हैं।

# बेटे के लिए बागी हुए ईश्वरप्पा पर गिरी गाज भाजपा ने छह साल के लिए पार्टी से किया निष्कासित



**बेंगलुरू, 23 अप्रैल [एजेंसी]।**

भाजपा ने बागी नेता केएस ईश्वरप्पा के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। ईश्वरप्पा ने राजनीति से संन्यास ले लिया था और बेटे को हावेरी से टिकट देने की मांग की थी, लेकिन ऐसा नहीं होने पर वह बागी हो गए और लोकसभा चुनाव बतौर निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव लड़ने का फैसला कर लिया।भाजपा की प्रदेश अनुशासनात्मक कमेटी के अध्यक्ष लिंगराज पाटिल ने निष्कासन आदेश में कहा कि पार्टी के दिशा-निर्देशों की अनदेखी करके एक बागी उम्मीदवार के तौर पर शिवमोगा से चुनाव लड़ने पर आपने पार्टी की किरकिरी की है। यह पार्टी के अनुशासन का उल्लंघन है। इसलिए आपको पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर तत्काल प्रभाव से पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है।

पूर्व उप मुख्यमंत्री और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके 75 वर्षीय ईश्वरप्पा ने अपने बेटे केई कंटेश को टिकट नहीं दिए जाने पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र और उनके पिता बीएस येदियुरप्पा पर पक्षपात और मनमानी के आरोप लगाए।उन्होंने अब शिवमोगा से निर्दलीय नामांकन भर दिया है और उन्हें गन्ना किसान चुनाव चिन्ह मिला है। जबकि भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई को हावेरी से टिकट दिया है। विजयेंद्र के भाई और सांसद बीवाई राघवेंद्र को भाजपा ने शिवमोगा से उम्मीदवार बनाया है।

## शिक्षक की नौकरी खोने वालों की चुनाव में तैनाती होगी या नहीं, आयोग ने बता दिया

**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर शिक्षक की नौकरी खोने वाले क्या लोकसभा के दूसरे चरण के मतदान में चुनाव कर्मी के तौर पर ड्यूटी कर पाएंगे, यह बड़ा सवाल है। राज्य के अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी अरिंदम नियोगी से इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अभी इस बारे में अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, हालांकि अगर वे ड्यूटी नहीं कर पाए तो भी किसी तरह की समस्या नहीं होगी क्योंकि अतिरिक्त चुनाव कर्मी हैं। दूसरे चरण के मतदान के लिए चुनाव कर्मी बुधवार को अपने-अपने मतदान केंद्र के लिए रवाना हो जाएंगे और गुरुवार तक वहां पहुंचेंगे। अरिंदम नियोगी ने कहा कि हाई कोर्ट के फैसले को अच्छी तरह से समझने के बाद ही इस बारे में अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# मिथुन चक्रवर्ती और उषा उत्थुप को मिला पद्म भूषण, एक्टर ने जाहिर की खुशी



**नईदिल्ली, 23 अप्रैल [एजेंसी]।**

दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती और प्रसिद्ध गायिका उषा उत्थुप के लिए आज का दिन बेहद खास है। दरअसल, सोमवार 22 अप्रैल को इन्हें कला के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्म भूषण से सम्मानित किया है। सोशल मीडिया पर मिथुन चक्रवर्ती और उषा उत्थुप की एक तस्वीर देखने को मिल रही है, जिसमें दोनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों पद्म सम्मान लेते हुए नजर आ रहे हैं।

इसके अलावा मिथुन चक्रवर्ती का वीडियो देखने को मिल रहा है, जिसमें वह इसके बारे में बात कर रहे हैं। मिथुन चक्रवर्ती को पद्म भूषण भारतीय सिनेमा में उनके योगदान और सामाजिक कामों में भी एक्टिव रहने के लिए मिला है। मिथुन चक्रवर्ती का बॉलीवुड में काफी लंबा करियर रहा है। उन्होंने पिछले 47 सालों के अपने करियर में लगभग 350 से भी ज्यादा फिल्मों में काम किया है। अभिनेता का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह बता रहे हैं कि मैं बहुत खुश हूं। मैंने अपनी लाइफ में कभी किसी से अपने लिए नहीं मांगा। जब मुझे फोन आया कि आपको पद्म भूषण दिया जा रहा है, तो मैं एक मिनट के लिए चुप हो गया, मुझे इसकी उम्मीद ही नहीं थी और जिस चीज की आपको कोई उम्मीद ही न हो, वो मिल जाए तो खुशी होती है। वहीं, उषा उत्थुप को भी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों पद्म भूषण मिला है।

उन्होंने कई गानों को अपनी आवाज दी है। उषा उत्थुप एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध गायिका हैं। उनके संगीत ने गायन की अपनी अनूठी शैली के माध्यम से भारतीयों की पीढ़ियों को मंत्रमुग्ध कर दिया है।हाल ही में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सनसनी माइली साइरस के गाने फ्लावर्स को कवर करने के बाद इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है।

# तोपों से गोले बरसाते हुए खान यूनिस में घुसी इज़रायली सेना ...तभी अस्पताल की तलाशी में मिलीं 283 लोगों की कब्र

**यरूशलम, 23 अप्रैल [एजेंसी]।**



इजरायली सेना ने सोमवार को अचानक गाजा के खान यूनिस शहर पहुंचकर वहां पर छापेमारी शुरू कर दी। इजरायली सैनिकों ने वहां पर फलस्तीनी लड़ाकों की धरपकड़ के लिए खाली मकानों और क्षतिग्रस्त भवनों में छापेमारी की है। इजरायली सैनिक शहर में टैंक से गोलाबारी करते हुए आगे बढ़ रहे हैं।इस बीच खान यूनिस के खाली पड़े सबसे बड़े अस्पताल के परिसर में कई सामूहिक कब्रें पाई गई हैं जिनमें बड़ी संख्या में गोली से मरे लोगों को दफन किया गया है। माना जा रहा है कि इन लोगों को इजरायली सैनिकों ने मारकर जमीन के नीचे दबा दिया था।गाजा के दूसरे सबसे बड़े शहर खान यूनिस पर इजरायली हमले के दौरान हजारों आमजनों ने नासेर अस्पताल परिसर में शरण ली थी। इन्हें लगा था कि इजरायली सेना अस्पताल पर हमला नहीं करेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इजरायली सैनिकों ने अस्पताल में घुसकर कार्रवाई की और उसकी तलाशी ली। इस दौरान अस्पताल में लोगों के मारे जाने की जानकारी सामने आई थी।अब यह अस्पताल खाली है और गाजा प्रशासन के अधिकारियों ने जब वहां का दौरा किया तो उन्हें वहां पर सामूहिक कब्रें मिली हैं जिनमें दफन 283 लोगों के शव मिल चुके हैं। गाजा प्रशासन का आरोप है कि इजरायली सेना ने आमजनों को मारकर उनके शवों को दफना दिया। इजरायली सेना का यह कृत्य सामने आने पर गाजा में सात अक्टूबर, 2023 के बाद मरने वाले फलस्तीनी लोगों की संख्या बढ़ सकती है। इजरायल के मिलिट्री इंटेलीजेंस विभाग के निदेशक मेजर जनरल हेरोन हालिवा ने पद से इस्तीफा दे दिया है। रक्षा मंत्री योएव गैलेंट ने उनका इस्तीफा स्वीकार करने की संस्तुति कर दी है लेकिन नई व्यवस्था होने तक हालिवा को पद पर बने रहने के लिए कहा है। माना जा रहा है कि सात अक्टूबर, 2023 को इजरायल पर हमास के हमले की पूर्व जानकारी जुटा पाने में विफलता के चलते हालिवा ने इस्तीफा दिया है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि 129 इजरायली बंधकों की रिहाई और गाजा युद्ध में जीत सुनिश्चित करने के लिए आने वाले दिनों में हमास पर और ज्यादा सैन्य और कूटनीतिक दबाव बढ़ाएंगे। विदित हो कि इजरायली सेना ने हाल के दिनों में गाजा के रफाह शरणार्थी क्षेत्र में हवाई हमले बढ़ाए हैं।

इस क्षेत्र में करीब 14 लाख बेघर फलस्तीनी शरण लिए हुए हैं।वेस्ट बैंक में सोमवार को इजरायली सेना के चेकपोस्ट के नजदीक फायरिंग में एक फलस्तीनी महिला मारी गई। 43 वर्षीय यह महिला जब जार्डन वैली चेकपोस्ट के नजदीक आई तभी उसे गोली मार दी गई। विदित हो कि इन दिनों वेस्ट बैंक में इजरायली सुरक्षाकर्मियों और फलस्तीनी आमजन के बीच टकराव की लगातार घटनाएं हो रही हैं।

# झूठ का चल रहा कंपटीशन, असदुद्दीन ओवैसी ने सीमांचल के विकास पर BJP-Congress और JDU को घेरा



**पूर्णिया, 23 अप्रैल [एजेंसी]।**

पीएम मोदी और कांग्रेस के बीच झूठ बोलने का कंपीटीशन चल रहा है। वहीं जदयू के नीतीश कुमार की योजनाएं धरातल पर नहीं उतर रही है। उनके प्रत्याशी जीत कर लोकसभा जाएंगे तो सीएए के समर्थन करेंगे। सीमांचल के पिछड़े लोगों का विकास एआईएमआईएम ही कर सकती है। उक्त बातें एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदउदीन ओवैसी ने सोमवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित एचपी पेट्रोल पम्प के समीप चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने एआईएमआईएम प्रत्याशी अख्तरुल ईमान के पक्ष को जीत दिलाने की अपील की। चुनावी सभा को संबोधित करते ओवैसी ने कहा कि आजादी के बाद भी सीमांचल का इलाका बदहाल है। मुस्लिम बहुल इस इलाके के विकास की पहल न तो कांग्रेस ने और न ही भाजपा कर रही है।यहां बाढ़ हर साल आती है लेकिन आज तक शासन ने इसका स्थाई समाधान खोजनी की जरूरत नहीं समझी। यहां ढलाई के साथ ही ब्रीज गिर जाता है लेकिन कोई बोलने वाला नहीं है।उन्होंने कहा कि सीमांचल में शुद्ध पेय जल की व्यवस्था न होने पर लोग कई बीमारियां से ग्रसित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की नल जल योजना पूर्णतः फ्लॉप साबित हुई है।उससे किसी को शुद्ध जल नहीं मिल पाता है।

उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम उम्मीदवार अख्तरुल ईमान को वोट दीजिए जिससे सीमांचल की बदहाली दूर होगी। कहा कि हर क्षेत्र में विकास होगा, अस्पताल में डॉक्टर होंगे। इसलिए सोच समझ कर वोट करिए, अख्तरुल ईमान को जिताइये जिससे संसद में वे आपकी आवाज को बुलंद कर सकेंगे।

## एक के बाद एक भूकंप से कांपा ताइवान, रिक्टर स्केल पर 6.0 रही तीव्रता

**ताइपे, 23 अप्रैल [एजेंसी]।**

ताइवान में सोमवार रात भूकंप के तेज झटके महसूस किए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.0 रही। भूकंप सोमवार रात 11.56 पर आया। भूकंप के कई झटकों के कारण राजधानी ताइपे में इमारतें हिल गईं। इससे पहले ताइवान में तीन अप्रैल को 7.2 तीव्रता के भूकंप आया था जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई थी।

# पूर्व आईएएस प्रदीप शर्मा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात से मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी प्रदीप शर्मा की जमानत याचिका पर सोमवार को गुजरात सरकार से जवाब मांगा। कच्छ जिले के कलेक्टर के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मौद्रिक लाभ के लिए सरकारी भूमि के कथित अवैध आवंटन मामले में शर्मा ने जमानत याचिका दायर की है।जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने गुजरात सरकार को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा। शर्मा ने मामले में गुजरात हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हाई कोर्ट ने 20 मार्च उनकी जमानत याचिका खारिज खारिज कर दी थी। इस मामले में प्रदीप शर्मा न्यायिक हिरासत में हैं। इस बीच भूमि आवंटन मामले में प्राथमिकी दर्ज करने से पहले प्रारंभिक जांच की मांग करने वाली उनकी याचिका खारिज करने के हाई कोर्ट के 31 जनवरी के आदेश के खिलाफ शर्मा की एक अन्य अपील में शीर्ष अदालत की पीठ ने राज्य सरकार से जवाब दाखिल करने को कहा है।

# सूरत की निर्विरोध जीत रहस्यमय, रद कर नए सिरे से हो चुनाव..., कांग्रेस ने समझाई क्रोनोलॉजी

**नईदिल्ली, 23 अप्रैल [एजेंसी]।**

कांग्रेस ने सूरत लोकसभा सीट पर पर्चा रद होने से लेकर कई उम्मीदवारों के नाम वापस लेने की वजह से भाजपा प्रत्याशी के निर्विरोध निर्वाचित होने पर गंभीर सवाल उठाते हुए चुनाव आयोग से सूरत का चुनाव रद कर नए सिरे से चुनाव कराने की मांग की है।पार्टी ने कहा है कि रहस्यमय तरीके से कांग्रेस उम्मीदवार का पहले लापता होना और उनके चारों प्रस्तावकों का पर्चे पर अपने हस्ताक्षर से इनकार के बाद दूसरे दलों के प्रत्याशियों का भी नाम वापस लेने से साफ है कि इसके पीछे गंभीर खेल है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी सूरत में भाजपा उम्मीदवार के निर्विरोध निर्वाचित होने पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि यह संविधान को खत्म करने की दिशा में बढ़ाया गया एक और कदम है।आयोग को ज्ञापन सौंपने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि सूरत के कांग्रेस उम्मीदवार पहले कुछ घंटों के लिए गायब हो जाते हैं और फिर जब प्रकट होते हैं तो उनके चारों प्रस्तावक एक साथ पर्चा पर हस्ताक्षर होने की बात से मुकर जाते हैं। इसके बाद दूसरे दल और निर्दलीय सभी अन्य प्रत्याशी नाम वापस लेते हैं और भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल को विजेता घोषित कर दिया जाता है। सिंघवी ने कहा कि इसके पीछे जो खेल हुआ है वह सबको मालूम है और इसलिए चुनाव आयोग से पार्टी ने आग्रह किया है कि वह स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव की मर्यादा कायम रखने के लिए सूरत के चुनाव को खारिज कर फिर से चुनाव कराए। सूरत में भाजपा उम्मीदवार को विजेता घोषित किए जाने के बाद एक्स पोस्ट के जरिए पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि तानाशाह की असली सूरत एक बार फिर देश के सामने है। जनता से अपना नेता चुनने का अधिकार छीन लेना बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को खत्म करने की तरफ बढ़ाया एक और कदम है। मैं एक बार फिर कह रहा हूं-यह सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, यह देश को बचाने का चुनाव है, संविधान की रक्षा का चुनाव है।कांग्रेस के संचार महासचिव जयराम रमेश ने कहा लोकतंत्र खतरे में है। आप क्रोनोलॉजी समझिए। चुनाव अधिकारी ने सूरत लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी नीलेश कुंभानी का नामांकन प्रस्तावकों के हस्ताक्षर के सत्यापन में खामी के आधार पर रद कर दिया। कुछ इसी तरह का कारण बताकर अधिकारियों ने वैकल्पिक उम्मीदवार सुरेश पडसाला का नामांकन खारिज कर दिया और कांग्रेस बिना उम्मीदवार के रह गई। इसके बाद सभी अन्य उम्मीदवारों ने नाम वापस ले लिए।



## ट्रंप पर चुनाव में भ्रष्टाचार करने के मामले की सुनवाई शुरू 12 जजों की पीठ करेगी पूर्व राष्ट्रपति के भविष्य का फैसला



**न्यूयॉर्क, 23 अप्रैल [एजेंसी]।**

अमेरिका में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साजिश रचकर 2016 का चुनाव जीतने के मामले में न्यायालय में सुनवाई शुरू हो गई है। इस साजिश के तहत ट्रंप ने अपने निजी जीवन से जुड़ी बातों को सार्वजनिक होने से रोकने की कोशिश की। इस कोशिश में ट्रंप ने धन बल का भी इस्तेमाल किया था।इन आरोपों पर हो रही सुनवाई के जवाब में ट्रंप के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल निर्दोष हैं और जिन अपराधों के आरोप हैं वे ट्रंप ने कभी नहीं किए। इसलिए मामले को बेबुनियाद मानते हुए उसे खारिज किया जाए।अमेरिका के इतिहास में ट्रंप पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं जिन पर आपराधिक मामला शुरू हुआ है। संयोग से वह चालू वर्ष में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में भी रिपब्लिकन पार्टी की ओर से प्रत्याशी बन सकते हैं। 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप ने रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीता था और चार वर्ष तक अमेरिका के राष्ट्रपति रहे थे।ट्रंप पर 2016 के चुनाव में भ्रष्टाचार करने के मामले की सुनवाई 12 न्यायाधीशों की पीठ कर रही है।

# उन्नत जीवन का आधार है हनुमान भक्ति



**भगवान हनुमानजी को हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के ग्यारवें रूद्र अवतार थे जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुए थे। उनको बजरंग बलि, मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात् वायु से उत्पन्न होने वाला। इन्हें सात चिरंजीवियो में से एक माना जाता है। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरो में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान। इन्होंने अपने पराक्रम और विद्या से अनेकों कार्य चुटकीभर समय में पूर्ण कर दिए है। वे शौर्य, साहस और नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। समर्पण एवं भक्ति उनका सर्वाधिक लोकप्रिय गुण है। रामभक्त हनुमान बल, बुद्धि और विद्या के सागर तो थे ही, अष्ट सिद्धि और नौ निधियों के दाता और ज्योतिष के भी प्रकांड विद्वान थे। वे उन्नत जीवन के आधार है। उनसे सफल एवं सार्थक जीवन के प्रबंधन की शिक्षा मिलती है। वे हर युग में अपने भक्तों को अपने स्वरूप का दर्शन कराते हैं और उनके दुःखों को हरते हैं। वे मंगलकर्त्ता एवं विघ्नहर्त्ता हैं।**

मंगलवार को हनुमानजी का जन्म हुआ, ऐसा माना जाता है। भिन्न-भिन्न लोगों ने इस महान् आत्मा का मूल्यांकन भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण से किया है। हनुमान का चरित्र एक लोकनायक का चरित्र है और उनके इसी चरित्र ने उन्हें सार्वभौमिक लोकप्रियता प्रदान की है। तैंतीस करोड़ देवी-देवताओं में मात्र हनुमान ही ऐसे हैं जिनकी आधुनिक युग में सर्वाधिक पूजा की जाती है और जन-जन के वे आस्था के केन्द्र हैं। उनके चरित्र ने जाति, धर्म और सम्प्रदाय की संकीर्ण सीमाओं को लांघ कर जन-जन को अनुप्राणित किया है। हनुमान का चरित्र बहुआयामी हैं क्योंकि उन्होंने संसार और संन्यास दोनों को जीया। वे एक महान् योगी एवं तपस्वी हैं और इससे भी आगे वे रामभक्त हैं। हनुमान-भक्ति भोगवादी मनोवृत्ति के विरुद्ध एक प्रेरणा है संयम की, पवित्रता की। यह भक्ति एक बदलाव की प्रक्रिया है। यह भक्ति प्रदर्शन नहीं, आत्मा के अभ्युदय का उपक्रम है। इससे अहं नहीं, निर्दोष शिशुभाव जागता है। क्रोध नहीं, क्षमा शोभती है। कष्टों में मन का विचलन नहीं, सहने का धैर्य रहता है। उत्कृष्ट विलक्षणताओं के प्रतीक हनुमान पूर्ण मानव थे। कहते हैं कि ब्रह्मा ने जब मनुष्य का निर्माण किया तो उन्हें बहुत प्रसन्नता हुई, क्योंकि उन्हें यह अनुभूत हुआ कि उनके द्वारा सृष्ट मानव ईश्वर का साक्षात्कार करने में समर्थ है। मानव न केवल संपूर्ण प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ है, प्रत्युत वह अपनी साधना के द्वारा ब्रह्मपद को भी प्राप्त कर सकता है। त्रेतायुग के सर्वाधिक शक्तिशाली मानव हनुमान जिन्हें भ्रमवश अनेक देशी-विदेशी विद्वान पेड़ों पर उछल-कूद करनेवाला साधारण वानर मानते रहे हैं, अपने अलौकिक गुणों और आश्चर्यजनक कार्यों के बल पर कोटि-कोटि लोगों के आराध्य बन गये। भारत ही नहीं, विश्व के इतिहास में किसी ऐसे मानव का उल्लेख नहीं मिलता, जिसमें शारीरिक बल और मानसिक शक्ति का एक साथ इतना अधिक विकास हुआ हो जितना हनुमान में हुआ था। प्राचीन भारत में ब्रह्मतेज से युक्त अनेक महामानव हुए। इसी प्रकार इस पावनभूमि में ऐसे विशिष्ट व्यक्ति भी हुए जो शारीरिक बल में बहुत बलशाली थे।

वाल्मीकि रामायण में हनुमान को महाबलशाली घोषित करते हुए 'बुद्धिमतां वरिष्ठं' कहना पूर्ण युक्ति संगत है। 'रामचरितमानस' में भी उनके लिए 'अतुलित बलधामं' तथा 'ज्ञानिनामग्रगण्यम' इन दोनों विशेषणों का प्रयोग द्रष्टव्य है। ब्रह्मचारी हनुमानजी महान् संगीतज्ञ और गायक भी थे। इनके मधुर गायन को सुनकर पशु-पक्षी एवं सृष्टि का कण-कण मुग्ध हो जाता था।

हनुमान की विद्वता के साथ-साथ तर्क-शक्ति अत्यंत उच्च कोटि की थी। ऐसे अनेक प्रसंग है जब हनुमान ने अपनी तर्क-शक्ति से अनेक जटिल स्थितियों को सहज बना दिया। उनकी अलौकिक साधना एवं नैसर्गिक दिव्यता का ही परिणाम था कि वे भय और आशंका से भरे वातावरण में भी निःशंक और निर्भीक बने रहते थे। संकट की घड़ी में भी शांतचित्त होकर अपने आसन्न कर्तव्य का निश्चय करना उत्तम प्रज्ञा का प्रमाण है। हनुमान इस सर्वोत्कृष्ट प्रज्ञा से युक्त थे। प्राचीन भारत की सर्वश्रेष्ठ भाषा संस्कृत और व्याकरण पर हनुमान का असाधारण अधिकार था। हनुमान ने सूत्र, वृत्ति, वार्तिक, महाभाष्य तथा संग्रह का भली-भांति अध्ययन किया था। अन्यान्य ग्रंथों तथा छंद-शास्त्र के ज्ञान में भी उनकी समानता करनेवाला कोई नहीं था। संपूर्ण विद्याओं के ज्ञान में उनकी तुलना देवताओं के गुरु बृहस्पति से की गयी है। महर्षि अगस्त्य के अनुसार हनुमान नवों व्याकरणों के अधिकारी विद्वान थे। नोबेल पुरस्कार विजेता आक्टाभियो पाज का भी यह सुनिश्चित मत है कि हनुमान ने व्याकरण शास्त्र की रचना की थी।मारुति नंदन, परमवीर, श्रीराम भक्त हनुमानजी की पवित्र मन से की गयी साधना और भक्ति चमत्कारपूर्ण परिणाम देने वाली है। हनुमानजी शिव के अवतार माने जाते हैं और ग्यारहवें रुद्र के रूप में इनकी मान्यता है। कहते है-मर्यादा पुरुषोत्तम राम की सार्वकालिक सेवा करने एवं रावण-वध में उनका सहयोग करने के लिए भगवान राम का अवतार लेने से पूर्व ही त्रेतायुग में शिवजी ने अपने ग्यारहवें रुद्र के रूप में अवतार लिया था। वह 'हनुमानजी' के पवित्र लोकोपकारी नाम से विख्यात हुए। महादेव का हनुमान के रूप में अवतरण लेने के सन्दर्भ में कहा जाता है कि भगवान विष्णु महादेव के इष्ट देव हैं। वे उनके श्रीचरणों के शाश्वत पुजारी हैं। त्रेतायुग में रावणादि राक्षसों का सकुल संहार करके उनका उद्धार करने के लिए ही भगवान विष्णु अयोध्या के महाराज दशरथ के यहां अपनी सोलह कलाओं सहित पुत्र रूप में अवतरित हुए। अतः उनकी सेवा करने के लिए महादेव ने हनुमान के रूप में अवतार लिया। तंत्र शास्त्र के आदि देवता और प्रवर्तक भगवान शिव हैं। इस प्रकार से हनुमानजी स्वयं भी तंत्र शास्त्र के महान पंडित हैं। समस्त देवताओं में वे शाश्वत देव हैं। परम विद्वान एवं अजर-अमर देवता हैं। वे अपने भक्तों का सदैव ध्यान रखते हैं। उनकी तंत्र-साधना, वीर-साधना है। वे रुद्रावतार और बल-वीरता एवं अखंड ब्रह्मचर्य के प्रतीक हैं। अतः उनकी उपासना के लिए साधक को सदाचारी होना अनिवार्य है। उसे मिताहारी, जितेन्द्रिय होना चाहिए। हनुमान साधना करने के लिए हर व्यक्ति उसका पालन नहीं कर सकता, इसलिए इस चेतावनी का सदैव ध्यान रखना चाहिए कि हनुमानजी को सिद्ध करने का प्रयास भौतिक सुखों की प्राप्ति या चमत्कार प्रदर्शन के लिए कभी नहीं करना चाहिए।

# आध्यात्मिक आस्था का समंदर है खडगवां का महामाया मंदिर

**वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव**

**कोरिया बैकुंठपुर।** अध्यात्म और विज्ञान का समन्वय है यह विशाल ब्रह्मांड, जिसमें अनगिनत तारामंडल अपने-अपने ग्रहों के साथ विचरण करते रहते हैं. सबका एक निश्चित परिपथ है इस परिपथ से भटकने वाला तारा अपना अस्तित्व समाप्त कर इसी ब्रह्मांड में विलीन हो जाता है या कोई नया नाम ग्रहण कर लेता है. इसी ब्रह्मांड में हमारा सूर्य और सौरमंडल भी है जिसमें मनुष्य सहित कई जीव जंतु की उत्पत्ति होती हैं, लेकिन ब्रह्म और ब्रह्मांड का नियम हम पर भी लागू होता है कि अपने परिपथ को न छोड़ें अन्यथा हम भी उसी विशाल तारे की तरह नष्ट हो जाएंगे.

आध्यात्मिक संत महात्माओं के ज्ञान के अनुसार वर्तमान परिवेश में जब हम भौतिकवादी युग में धन यश कमाने में एक दूसरे को पीछे धकेलने की प्रतिस्पर्धा में तल्लीन दिखाई पड़ते हैं जो हमारे वास्तविक जीवन का उद्देश्य नहीं है. जीवन को जीने के उद्देश्य परक ज्ञान को प्राप्त करने की विधा हमें अध्यात्म में मिलती है. अध्यात्म जीने की एक ऐसी विधा है जिसमें जियो और जीने दो की शक्ति कार्य करती है. आपके व्यवहार में करुणा और सत्य दोनों होना चाहिए. ईर्ष्या प्रलोभन से दूर स्वयं के साथ दूसरों की प्रगति में खुशी महसूस करना ही अध्यात्म की प्रथम सीढ़ी है. अध्यात्म ही जीवन में प्रेम शांति खुशी और विवेक की शक्ति प्रदान करता है. हम सर्वव्यापी इस परमात्मा के अंश है जो ब्रह्म के अंदर समाहित है जिसका कोई स्पष्ट रूप नहीं है किंतु वह इस ब्रह्मांड और प्रकृति का नियंता भी है उत्तरोत्तर विकास के आगले चरण में हमें ज्ञान होता है कि हम देह नहीं मन नहीं बल्कि आत्मा है यह उसी परमात्मा का अंश है जो ब्रम्ह और ब्रम्हांड का नियंता है. आध्यात्मिक ज्ञान हमें पतन की ओर जाने से रोकता है. आज के भौतिकवादी युग में मनुष्य के अंदर जो अंधकार उत्पन्न हो गया है उसे अध्यात्म के प्रकाश से ही दूर किया जा सकता है . मंदिरों एवं गुरु शक्ति के समीप पहुंचने का प्रयास भौतिकवादी जीवन से आध्यात्मिक जीवन में जाने का प्रथम चरण है. जब हम अपने भौतिक सुखों से विरक्त होने लगते हैं एवं जब आर्थिक संसार की ऊंचाईयाँ भी हमे शांति नहीं देती तब अध्यात्म के केंद्र, शक्ति स्थल मंदिर हमें एक शांति प्रदान करते हैं. दूसरी ओर सामान्य जन की भाषा में जब इसी पृथ्वी के जीव मनुष्य का एक वर्ग असफलता एवं निराशा के दौर से गुजरता है तब इन्हीं आध्यात्मिक शक्ति स्थल मंदिर में स्थापित मूर्ति को ब्रह्मांड की चेतना का अंश मानते हुए हम उनकी शरण में चले जाते हैं. यही शक्ति केंद्र हमें स्वयं की आत्मा से परिचित कराते हैं आध्यात्मिक शांति का हम अनुभव प्राप्त करते हैं. मंदिर और शक्ति केंद्र हमें नकारात्मकता की बजाय सकारात्मक प्रयास के लिए प्रेरित करते हैं . यही सकारात्मक भाव हमारे जीवन की दिशा तय करते हैं इसी दिशा परिवर्तन को हम ईश्वर, महामाया या शक्ति केंद्र का आशीर्वाद मानते हैं जिसके बल पर हमारे जीवन की सफलता की आगामी यात्रा तय होती है. शक्ति स्थल की चर्चा में आईए आज चलते हैं छत्तीसगढ़ के 32 में जिले मनेन्द्रगढ़- चिरमिरी - भरतपुर के आखिरी छोर में बसे खडगवां विकासखंड के चनवारीडांड़ ग्राम में स्थित महामाया देवी के मंदिर की



ओर, जो समय के अनुसार आध्यात्मिक आस्था का समंदर बनता जा रहा है. आदिवासी जनजाति के हजारों परिवारों से परिपूर्ण यह अंचल अपनी आदिवासी संस्कृति के गौरवपूर्ण ऐतिहासिक दस्तावेजों से परिपूर्ण है. आसपास के गांव में आदिवासी राजाओं के कई किस्से आज भी पुरखों की जुबानी सुनी जा सकती है. राजगोंड़ परिवार के लोग आज भी उनके वंशज कहलाने पर गर्व का अनुभव करते हैं. इस अंचल के धवलपुर, खडगवां, रानी कुंडी जैसे कई पर्यटन स्थल है जो इन राजाओं की कहानियों से जुड़े हुए हैं और कई किस्से आज किवदंतियों के रूप में प्रचलित है. जो आदिवासी गौरव की किस्सागोई के रूप में लोगों के द्वारा आज भी याद की जाती है. गोंड राजाओं के राज्यों के कई किस्सों के बीच खड़गवां ब्लॉक जो सैकड़ों वर्ष पूर्व से आदिवासी जमीदारों की निवास स्थल रही है. नए जिले मने- चिर- भरतपुर जिले की सीमाएं इसी खड़गवां विकास खंड से बिलासपुर और कोरबा जिले तक फैली हुई है. यहां के चनवारी डांड ग्राम में गोंड राजाओं के समय काल से ही जमींदारी चली आ रही है. यहां के जमीदार स्वर्गीय उदित नारायण सिंह का राज निवास यहां खडगवां में था जहां पर उन्होंने अपने क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए महामाया देवी के पूजा स्थल की स्थापना की थी. जो उनकी कुलदेवी के रूप में मान्यता प्राप्त है. लेकिन समय के बदलाव के साथ राजाओं के राज्य और जमीदारों की जमींदारियाँ समाप्त हो गई. परिवार बिखर गए. तब ऐसे मंदिरों के शक्ति स्थल धीरे-धीरे आम जनमानस की आस्थाओं से जुड़ते चले गए. अपनी आध्यात्मिक आस्था के साथ जो भी इस महामाया मंदिर तक शांति के लिए या अपनी मनोकामनाओं के लिए पहुंचा इस ग्रामीण परिवेश में मां जगदंबा ने उसके भीतरी शक्ति को जागृत करने का अवसर दिया और यही आशीर्वाद के रूप में हमारे द्वारा किए गए कार्यों के क्रियान्वयन एवं सफलता का कारण बनी . इसी आशीर्वाद एवं पण्य प्रताप की चर्चा से इस महामाया मंदिर की कीर्ति आसपास के गांव शहर और पूरे छत्तीसगढ़ में फैल गई. लोगों का आध्यात्मिक आस्था के साथ खडगवां के चनवारी डांड में स्थित इस महामाया मंदिर में लोगो का आवागमन बढ़ते बढ़ते यह स्थल आज आस्था का एक विशाल समंदर बन चुका है.

चनवारीडांड़ गांव में इस मंदिर की स्थापना की भी अपनी एक कहानी है. खड़गवां के पुराने निवासी राजेश्वर श्रीवास्तव के पुत्र अनिल श्रीवास्तव एवं महामाया मंदिर कमेटी के सचिव आर बी श्रीवास्तव ( राम बाबू श्रीवास्तव) से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वजों एवं किवदंतियों के अनुसार यह महामाया देवी की मूर्ति रतनपुर महामाया स्थल से पूर्व विधायक श्री चंद्र प्रताप सिंह के परदादा स्व. देंवनारायण सिंह के पुत्र स्वर्गीय उदित नारायण सिंह द्वारा लगभग सौ साल पहले लाई गई थी. उस समय आवागमन हेतु घोड़े, बैलगाड़ी भैसागाड़ी जैसे साधन ही उपलब्ध थे. अतः यह मूर्ति भी बैलगाड़ी मैं लादकर खड़गवां में स्थापित करने के विचार से लाई गई, लेकिन रतनपुर से आते समय उन दिनों कच्चे रास्ते पर चलती बैलगाड़ी उबड़ खाबड़ रास्ते से गुजरती हुई चनवारी डांड के इस स्थान तक पहुंच कर कीचड़ भरे रास्ते में फँस गई. तालाब का किनारा होने के कारण यह रास्ता कीचड़ भरा कच्चा रास्ता था जिसमें मूर्ति से लदी यह बैलगाड़ी ज्यादा धँस गई. जिसे ग्रामीणों के प्रयास से निकालने की कोशिश की गई लेकिन बैलगाड़ी को ना तो बैल खींच पाए और ना ही आदमी उसे निकाल पाए, ऐसी स्थिति में मूर्ति को नीचे उतार कर कर तालाब के एक ऊंचे स्थान पर रख दिया गया. जिसे दूसरे दिन फिर से उठाकर खड़गवां ले जाना तय किया गया, किंतु रात को जमीदार स्वर्गीय उदित नारायण जी को देवी जी ने उनके स्वप्न में प्रकट होकर कहा कि मुझे इस स्थान पर ही स्थापित कर दो यह एक सिद्ध स्थल है . कहीं और ले जाने का प्रयास मत करो. देवी की यह मनसा को आशीर्वाद और आदेश मानते हुए उदित नारायण जी ने मां महामाया को आम के पेड़ के नीचे स्थापित कर दिया जो आज भी अपने स्थान पर स्थापित है.

सुरगुंजा का यह इलाका हाथियों के चिंघाड़ और चहलकदमी का विशाल भ्रमण का क्षेत्र था. जहां हाथियों के चिंघाड़ से यह क्षेत्र गुंजायमान हुआ करते थे. झुंड के झुंड हाथी यहाँ आया जाया करते थे. ऐसा माना जाता है कि गज भ्रमण के समय इसी तालाब में पानी पीने वाले हाथियों के चहल कदमी से देवी जी का ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था जिसे चांदी से मढ़कर ठीक किया गया. काफी प्रयास के बाद इंदौर से सुप्रसिद्ध मूर्तिकार शर्मा जी द्वारा लगभग 30 किलो चांदी से इस मूर्ति का नवनिर्माण किया गया. संत महात्माओं के चरणधूलि से लगातार तृप्त होती महामाया देवी के आध्यात्मिक स्थल की कीर्ति छत्तीसगढ़ संस्कृति एवं पर्यटन विभाग रायपुर तक पहुंची. जिसे वर्तमान समय में मान्यता प्राप्त पर्यटन स्थल के रूप में सूचीबद्ध किया



गया है जो इसकी गरिमा को बढ़ाती है एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यालय रायपुर से चनवारीडांड़ के पर्यटन परिपथ में इस शक्ति केंद्र को जोड़ती है जो आस्थावान लोगों को इस मंदिर की ओर अधिक जानकारी के साथ आकर्षित करने का एक सशक्त माध्यम बन गई है. जानकारी के अनुसार विगत चार दशक से इस महामाया मंदिर से जुड़े मंदिर कमेटी सचिव श्री आर बी श्रीवास्तव से चर्चा में पता चला कि पहले यहां केवल महामाया देवी का मंदिर था जहां नवरात्रि में नौ दिवसीय अखंड आस्था एवं मनौति ज्योति कलश का दीपक जलाया जाता था. धीरे-धीरे इस ज्योति की आस्था में बढ़ोतरी होने लगी अतः एक बड़े हाल की आवश्यकता महसूस हुई जिसे विस्तार देकर अब बड़ा बना दिया गया है वर्तमान में यहां पर लगभग 3000 ज्योति जलाई जा रही है. देवी भक्ति की साधना से जुड़े यहीं पर एक भैरवनाथ का मंदिर भी बनाया गया है. इसी मंदिर के पीछे वह तालाब है जहां बैलगाड़ी फंसी थी. अब उसे बांधकर बड़ा बना दिया गया है. यहां देवी मंदिर में आस्था के अनुसार धागा बांधकर या नारियल चढ़ाकर लोग अपनी मनौती मांगते हैं. महामाया मंदिर के मुख्यद्वार के निर्माण का आकर्षण पहुंचने वाले आस्थावान लोगों को दूर से ही आकर्षित करता है. एक एकड़ परिसर में फैली इस मंदिर में प्रवेश करने पर सामने महामाया देवी का मंदिर दिखाई पड़ता है . आस्था के सैलाब को नियंत्रित करने के लिए पाइप की रेलिंग लगा दी गई है ताकि दर्शनार्थी एक साइड से जाकर देवी की पूजा अर्चना के पश्चात दूसरी ओर बनी हुई रेलिंग पाइप से आगे की ओर बढ़ सके और अव्यवस्था ना हो. लोग अपनी पूजा अर्चना के बाद आगे ज्योति कलश कक्ष एवं हनुमान मंदिर और राम दरबार तथा भोलेनाथ के मंदिर के भी दर्शन के लिए यही से आगे बढ़ते हैं. इस मंदिर के सामने टीन सेड का एक छायादार स्थल बना दिया गया है ताकि लोग यहां बैठकर अपनी आस्था के अनुसार सत्यनारायण कथा या अन्य पूजन कार्य ब्राह्मण की उपस्थिति में यज्ञ हवन के साथ पूर्ण कर सकें . लंबी दूरी से आए हुए यात्री यहां कुछ देर के लिए शांति के साथ आंखें मूंदे चिंतन ध्यान करते हुए नजर आते हैं. भजन कीर्तन के लिए भी यह स्थल भजन मंडली के लिए उपलब्ध होता है। यहां कई नई जोड़े अपने दाम्पत्यजीवन की शुरुआत करने विवाह संस्कार के लिए भी आते हैं उनकाविवाह कार्य भी यहां संपन्न कराया जाता हैं. कम खर्च में दो परिवारों को आपस में विवाह संस्कार से जोड़ने का यह कार्य मां महामाया के समक्ष उनके साक्ष्य एवं आशीर्वाद में संपन्न होता है.

जान को दांव में लगाकर कर रहे थे कोयला का अवैध उत्खनन

# अवैध कोयला सुरंगों को किया बन्द

## वन, पुलिस व एसईसीएल की संयुक्त टीम ने की कार्यवाही

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले के दूरस्थ व वन क्षेत्र में कोयला उत्खनन के लिए अवैध सुरंगों का निर्माण की जानकारी मिलने पर पूरे अमले कार्यवाही में जुटे थे।



जानकारी के मुताबिक वनमंडल कोरिया परिक्षेत्र, बैकुंठपुर के ग्राम दामुज, पुटा, मुरमा व देवखोल में अवैध कोयला उत्खनन के लिए सुरंग बनाने की जानकारी मिलते ही वन विभाग, एसईसीएल व पुलिस की संयुक्त टीम गठन कर कार्यवाही की गई और सुरंगों तत्काल बंद कराया गया। वन मण्डलाधिकारी श्रीमती प्रभाकर खलखो ने बताया कि विगत चार माह में 24 सुरंगों को बंद करने की कार्यवाही की गई है। उन्होंने ग्रामीणों व आम लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सुरंग बनाना पूर्णतः खतरनाक है, इससे जानमाल की नुकसान होने आशंका बनी होती है, ऐसे में इस तरह अवैध कोयला उत्खनन न करे न ही सुरंग बनाए। इस कार्यवाही में वन विभाग, एसईसीएल, पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम से मंगल साय, कमल सिंह, मानसिंह, सरदार अमोल सिंह, आदित्य कुमार, सुधाकर पुरी व हेड पुलिस कांस्टेबल बृजेश सिंह की भूमिका उल्लेखनीय रहा।

## डाक मतपत्र से मतदान करने की तिथि निर्धारित

**सूरजपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारी व कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु सुविधा केंद्र की स्थापना की गई है। तथा अनुपस्थित श्रेणी ( 85 वर्ष से अधिक एवं दिव्यांग ऐसे मतदाता जिन्होंने होम वोटिंग का विकल्प चयन कर प्रारूप 12 डी का आवेदन किया हो) मतदाताओं हेतु मतदान तिथि नियत किया गया है। जिसके तहत अनुपस्थित श्रेणी ( 85 वर्ष से अधिक एवं दिव्यांग ऐसे मतदाता जिन्होंने होम वोटिंग का विकल्प चयन कर प्रारूप 12 डी का आवेदन किया हो) मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराये जाने के लिए प्रथम चरण 01 मई एवं द्वितीय चरण 03 मई को विधानसभा वार मतदाताओं के निवास स्थान पर मतदान करने के लिए सुविधा बनाया गया है।

# माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका समझाई, प्रेक्षक को देना होगा मतदान से संबंधित फीड बैक

**कोरिया/बैकुंठपुर।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण माहौल व सही ढंग से कराने के लिए सोमवार को जिला पंचायत, बैकुंठपुर के आडिटोरियम व मंथन कक्ष में माइक्रो ऑब्जर्वर्स का प्रशिक्षण हुआ।



मतदान दलों के साथ नियोजित किए जाने वाले माइक्रो आब्जर्वर्स के प्रशिक्षण में उनकी भूमिका समझाई गई। माइक्रो ऑब्जर्वर्स को बताया गया कि वे प्रशिक्षण जिम्मेदारी व गम्भीरता से प्राप्त करें, क्योंकि वे पोलिंग पार्टी के सदस्य नहीं हैं। उन्हें मतदान से संबंधित फीड बैक प्रेक्षक को देना होता है। मास्टर ट्रेनर द्वारा जिला पंचायत के आडिटोरियम व मंथन कक्ष में 257 सूक्ष्म प्रेक्षकों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण में माइक्रो आब्जर्वर के कर्तव्यों, प्रेक्षण के तरीकों के साथ निर्वाचन आयोग द्वारा किए गए नवीन परिवर्तनों की जानकारी, मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया, मतदान अधिकारियों के कर्तव्य, माकपोल, ईवीएम संचालन करने के तरीके, मशीन की सीलिंग करना, पोस्टल बैलेट, निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण-पत्र, प्रपत्र भरने की प्रक्रिया आदि की विस्तार से जानकारी दी गई। मतदाता रजिस्टर व अन्य आवश्यक प्रारूप के बारे में भी बताया गया। मास्टर ट्रेनर ने एनेक्जर एल (माइक्रो आब्जर्वर फीडबैक रिपोर्ट) के बिंदुओं को भरने के बार में बताया। एएसडी, दिव्यांग, सीएसवी मतदाता के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। बता दें माइक्रो ऑब्जर्वर को मतदान केंद्रों पर नजर रखने के लिए रखा जाता है। इस दौरान वो देखते हैं कि मतदान केंद्रों पर चुनावी प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से चल रही है या नहीं। माइक्रो ऑब्जर्वर इस बात का ध्यान रखते हैं कि मतदान के बाद ईवीएम सील हुई है या नहीं या मतदाता के हाथ में चुनावी स्याही लग रही है या नहीं इन सभी चीजों पर अपनी नजर रखते हैं। हालांकि मतदान केंद्रों पर माइक्रो ऑब्जर्वर के पास पोलिंग ऑफिसर या प्रिसाइडिंग ऑफिसर के अधिकार नहीं होते। वहीं माइक्रो ऑब्जर्वर को चुनावी केंद्र पर कोई गड़बड़ी होती नजर आती है तो वो इस बात की जानकारी तुरंत जनरल ऑब्जर्वर को देता है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाती है। इस तरह चुनाव के दौरान मतदान बूथ पर तैनात होते हैं।

# मनोज को किया 6 माह के लिए जिलाबदर

**कोरिया बैकुंठपुर।** ओड़गी नाका, बैकुण्ठपुर निवासी मनोज कुमार राजवाड़े आत्मज इनेश्वर प्रसाद राजवाड़े निवासी थाना बैकुण्ठपुर जिला कोरिया के विरुद्ध छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (ख) के प्रावधानों के तहत् अपराधिक प्रकरण वार (जरायम) पुलिस अधीक्षक जिला कोरिया से दिये गये प्रतिवेदन के आधार पर प्रारंभ किया गया। न्यायालय जिला दंडाधिकारी कोरिया, बैकुण्ठपुर के 22 अप्रैल 2024 को हुए आदेशानुसार मनोज कुमार राजवाड़े वर्ष 2011 से लगातार अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहकर मोहल्ले में घुमना, फिरना एवं आतंक मचाना, चोरी, नकबजनी कर लोगों के जीवन को संकटापन्न कर अपराध घटित करते चला आ रहा है।



मनोज राजवाड़े का इस क्षेत्र में काफी आतंक है, जिससे मोहल्ले एवं आस-पास के लोगों में भय व्याप्त है। उसके आतंक एवं डर की वजह से कोई भी व्यक्ति उसके विरुद्ध रिपोर्ट लिखाने एवं गवाही देने से कतराते है। यह बहुत शातिर, चालाक, निडर व दुःसाहसिक है। पुलिस कार्यवाही से भी नहीं डरते। उसका हौसला बुलंद है, अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर घर में घुसकर चोरी-नकबजनी का पेशा बना लिया है, वह खतरनाक किस्म का व्यक्ति है एवं विगत 13 वर्षों से अपराधिक गतिविधियों में संलग्न है, जो आम जनता की सुरक्षा के लिये खतरा साबित हो रहा हैं। उसके खतरनाक गतिविधियों के कारण सामान्य लोग उसके विरुद्ध पुलिस में रिपोर्ट करने के लिये घबराते हैं तथा न्यायालय में गवाही देने से डरते हैं। अपराधिक गतिविधि इतनी गंभीर है कि उसके द्वारा चोरी नकबजनी जैसी अपराध को अंजाम देना आम हो गया है। मनोज राजवाड़े के अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु समय-समय पर प्रतिबंधक धाराओं के तहत् कार्यवाही कर इस्तगाशा न्यायालय में पेश किया गया है। किंतु सामान्य कानून उसके आपराधिक गतिविधियों को रोकने में असफल साबित हो रहा है। जिससे राज्य सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। उसके अपराधिक एवं सामाजिक गतिविधि से आम जनता के मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है, जिससे आम जनता में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। इस तरह लगातार अपराध घटित करते रहा तो, कभी भी लोक व्यवस्था, सामाजिक शांति व्यवस्था पूर्णतः भंग होकर उग्र रूप धारण कर सकती है। ऐसी स्थिति में जन सुरक्षा बनाए रखने हेतु उसके विरूद्ध छ0ग0 राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-5 (ख) के प्रावधानों के अंतर्गत जिला बदर की कार्यवाही की गई है। बैकुंठपुर जिला दण्डाधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) (ख) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मनोज राजवाड़े आत्मज इनेश्वर प्रसाद राजवाड़े, ओड़गी नाका, थाना बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया निवासी को 6 माह की अवधि के लिए कोरिया जिला एवं सीमावर्ती जिलों सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी- भरतपुर, कोरबा, पेन्ड्रा-गौरेला मरवाही, सीधी, सिंगरौली की सीमाओं से निष्कासित (जिलाबदर) किया है। 23 अप्रैल 2024 को प्रातः 10 बजे से उक्त जिलों की सीमाओं से बाहर चला जावे और आदेश की प्रभावशाली अवधि में बिना वैधानिक अनुमति के उक्त जिलों की सीमाओं के अन्दर प्रवेश वर्जित होगा।

# स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने ली शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ




**कोरिया बैकुंठपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की उपस्थिति में शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र के इस महापर्व, लोकसभा निर्वाचन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-पटना में स्वास्थ्य दल के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस. सेंगर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला टीकाकरण अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी पटना, विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ0 प्रशांत, नीति आयोग के सदस्य डॉ0 इरशाद खान तथा जिला एवं विकासखण्ड के स्वास्थ्य दल के अधिकारी, कर्मचारियों ने शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी द्वारा जिले की गठित स्वीप टीम द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत जिले के मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत श्रीमती सरोजनी राय ने कहा कि स्वयं मतदान करेंगे साथ ही परिवार व पड़ोसियों को 7 मई को होने वाले मतदान में भाग लेने के प्रेरित भी करेंगी।

# प्रतापपुर रेंज में उत्पाती हाथियों के हमले में एक महिला की मौत

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिले में जंगली हाथियों का उत्पात जारी है। चौबीस घंटे पूर्व प्रतापपुर क्षेत्र के तमोर पिंगल अभयारण्य के जंगल में महुआ एकत्र करने गई वृद्ध महिला को कुचल कर मार देने की घटना के बाद रविवार की रात लटोरी चौकी इलाके के कल्याणपुर जंगल से सटे पोड़िपा गांव में घुसकर दो ग्रामीणों के घर को क्षतिग्रस्त करने के साथ ही एक आदिवासी महिला को कुचलकर मार डाला। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। लगातार घटनाओं के बावजूद वन महकमा हाथियों को खदेड़ पाने में नाकाम है।



जिले के बिहारपुर चांदनी समेत प्रतापपुर व प्रेमनगर इलाके में हाथियों का आतंक नहीं थम रहा है। जिले के किसी न किसी जंगल मे हाथियों का डेरा बना रहता है। रविवार सुबह रमकोला के तमोर पिंगला अभ्यारण्य क्षेत्र में अपने पुत्र के साथ महुआ बीनने गई प्रभावती कुशवाहा पति रामाशंकर कुशवाहा ग्रामीण महिला को एक हाथी ने कुचल कर मौत के घाट उतार दिया और उसके पुत्र ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई थी। चौबीस घंटे के बाद दूसरी घटना कल्याणपुर जंगल के पास हुआ। यहां डेरा डाल रखे जंगली हाथी रविवार करीब आठ बजे भोजन की तलाश में लटोरी चौकी क्षेत्र के पोड़िपा गांव में घुस आए। उसी दौरान सड़क पारा पोड़िपा निवासी जीवती बाई पति रामाधीन गोंड़ 45 वर्ष अपने घर से बाहर निकली थी। उसे देखकर हाथी ने सूंड में लपेट कर पटक पटक कर उसकी जान ले ली। उसके बाद हाथी ने मृतक महिला व घासीराम गोंड़ के घर में तोड़फोड़ कर अनाज चट कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही वन अमला व पुलिस टीम मौके पर पहुंची। हाथी के हमले में मृत महिला के शव का पोस्टमार्टम करने के बाद उसके स्वजनो के सुपुर्द कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाडे एवं चिंतामणि महाराज ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटोरी पहुंचकर वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर मृत महिला के स्वजनो से भेंटकर सांत्वना देते हुए हरसंभव सहयोग करने की बात कही। वन परिक्षेत्राधिकारी उमेश वस्त्रकार ने 25 हजार की तात्कालिक सहायता राशि मृतक महिला के पति को प्रदान की। उन्होंने बताया कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद उन्हें 5.75 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इस दौरान क्षेत्र के जनपद सदस्य राम मरावी भी मौजूद थे। कल्याणपुर जंगल मे करीब दो सप्ताह से डेरा डाले उत्पाती हाथी को काबू करने वन अमले ने तमोर पिंगला अभ्यारण्य क्षेत्र से दो प्रशिक्षित कुमकी हाथी को लेकर जंगल मे छोड़ा है। इसकी पुष्टि रेंजर वस्त्रकार ने भी की है। इलाके के ग्रामीणों की मानें तो प्रशिक्षित कुमकी हाथी उत्पाती हाथी को काबू कर पाने में अक्षम साबित हो रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि उत्पाती हाथी कुमकी हाथियों को भगा दे रहा है।

## मवेशी परिवहन, पिकअप जब्त, चार गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** पिकअप वाहन में क्रूरतापूर्वक मवेशी परिवहन के आरोप पर कमेश्वरपुर पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार मवेशी व पिकअप वाहन जब्त किया गया है।मवेशी तस्करी पर रोक लगाने के लिए पुलिस इन दिनों प्रभावी कार्रवाई करने में लगी हुई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक पिकअप वाहन में कुछ लोग मवेशी को क्रूरतापूर्वक परिवहन कर रहे हैं। आरोपितों द्वारा मवेशी बूचड़खाना ले जाने की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने घेराबंदी कर पिकअप को रुकवाया। उसमें चार लोग सवार थे। पिकअप में चार मवेशी भी मिली। पिकअप में सवार गोढ़ीखुर्द थाना कापू जिला रायगढ़ निवासी दिनेश पाण्डेय (24) , अलोला कापू निवासी टिकेश्वर साहू (21) , पृथ्वीपाल (22) के साथ ग्राम विजयनगर कापू निवासी मंजीत दास (35) को पकड़ा गया। मवेशी परिवहन का कोई दस्तावेज इनके पास नहीं था। पिकअप में चार मवेशी को बांध कर रखा गया था। इन सभी के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम व छत्तीसगढ़ कृषक पशु परीरक्षण अधिनियम की कार्रवाई कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कमलेश्वरपुर उप निरीक्षक अशोक शर्मा, आरक्षक अमित टोप्पो, अर्जुन पैकरा, सूरज राठिया शामिल रहे।

## होम वोटिंग कराने वाले मतदान दल एवं माइक्रो ऑब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण

**सूरजपुर।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित व्यास जी के निर्देशन एवं निर्वाचन प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सूरजपुर के मार्गदर्शन में अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से होम वोटिंग कराने वाले मतदान दल एवं माइक्रो ऑब्जर्वर को जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें जिला स्तरीय मास्टर श्री पी.सी. सोनी प्राचार्य द्वारा बताया गया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को एवं दिव्यांग मतदाता जिनमें 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता हैं, उन्हें डाक मतपत्र के माध्यम से होम वोटिंग कराया जाना है। इस हेतु उन मतदाताओं से होम वोटिंग हेतु सहमति पत्र फार्म 12 डी प्राप्त कर निर्वाचकों की सूची अनुलग्नक 1 तैयार की गई है। ऐसे अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं को मतदान दल द्वारा उनके घर में जाकर मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाना है। अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं को मतदान कराने हेतु तारीख एवं समय की जानकारी एसएसएस के माध्यम से या बीएलओ के माध्यम से दी जायेगी। इसके लिए 01 मई 2024 को मतदान दल द्वारा होम वोटिंग कराया जाना है। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया है कि इस हेतु रूट का निर्धारण कर रूट अनुसार मतदान दल का गठन किया गया है। प्रत्येक मतदान दल में 2 मतदान अधिकारी, 1 माईक्रो ऑब्जर्वर 1 वीडियोग्राफर, 1 सुरक्षाकर्मी मिलाकर कुल 5 अधिकारी/कर्मचारी होंगे। जो निर्धारित 01 मई को अनुपस्थित श्रेणी मतदाता के घर में जाकर मत की गोपनीयता बनाये रखते हुए मतपत्र के माध्यम मतदान करायेंगे।

## सूने मकान से लाखों की चोरी,दो गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी के खमतराई में दो सुने मकानों का ताला तोड़कर सोने चांदी के गहने तथा नगदी रकम चोरी करने वाले दो चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मनोज साहू ने थाना खमतराई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह साहूपारा नीम डबरी खमतराई में रहता है। प्रार्थी सपरिवार दिनांक 16.04.2024 को अपने घर में ताला लगाकर अपने गृह ग्राम धमतरी गया था, कि प्रार्थी दिनांक 19.04.2024 को घर आकर देखा तो उसके घर के अंदर का दरवाजा टूटा था तथा तीनों आलमारी का लॉकर टूटा था। आलमारी में रखें सोने चांदी के जेवरात, घड़ी तथा नगदी रकम नहीं था, कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर उक्त मशरूका को चोरी कर ले गया था। इसी प्रकार कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के भाई विनोद साहू एवं राजेन्द्र साहू के भी सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी एवं कमरे में रखें सोने चांदी के जेवरात, घड़ी तथा नगदी रकम को चोरी कर ले गया था।

## हत्या के आरोपित को आजीवन कारावास

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर के मुक्तिपारा में लगभग दो वर्ष पूर्व युवक की चाकू से वार कर हत्या के मामले में प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ममता पटेल की अदालत ने आरोपित ईमलियानुस उर्फ बुतरू मिंज (27) को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। चाकू के वार से मृतक का फेफड़ा फट गया था। शरीर में गंभीर चोटें आई थी। अतिरिक्त लोक अभियोजक राकेश सिन्हा ने बताया कि घटना दिवस 28 मई 2022 को मृतक दीपक टोप्पो (20) मुक्तिपारा में था। उसी दौरान आरोपित भी वहां पहुंचा।बाल काटने के नाम पर दोनों का विवाद हो गया। आरोपित बुतरू मिंज ने चाकू से दीपक के सिर , गला, पेट सहित शरीर के दूसरे अंगों में जोरदार प्रहार कर दिया। घटना के बाद आरोपित भाग गया था। इधर गंभीर रूप से घायल दीपक टोप्पो को आसपास के लोगों ने मिशन अस्पताल पहुंचाया था। यहां जांच के बाद चिकित्सकों ने दीपक को मृत घोषित कर दिया था। घटना की सूचना पर पुलिस ने हत्या का अपराध पंजीकृत कर आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय के निर्देश पर जेल दाखिल कर दिया था। प्रकरण के सारे तथ्यों की सुनवाई और पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ममता पटेल की न्यायालय ने आरोपित को हत्या का दोषी पाया।प्रकरण में आरोपित को आजीवन कारावास और पांच सौ रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है।

## प्राणघातक हमला कर चोट पहुंचाने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** एक युवक के साथ विवाद कर डंडा पाइप एवं धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर चोट पहुंचाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। धर्मेन्द्र सिंह निवासी नेहरू नगर भिलाई द्वारा दिनांक 21.04.2024 की रात्रि 09.00 बजे करीबन कोसा नगर सुपेला में अपने दोस्तो से बातचीत कर रहा था उसी दौरान 02 व्यक्ति आये और प्रार्थी को बहुत हीरो बनता है अपने आप को मिथुन समझ रहा है कहने लगे प्रार्थी द्वारा पूछने पर कि क्या बात है इतने में दोनो व्यक्ति गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से डंडा, पाईप एवं अन्य धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर चोट पहुंचाये है।

## चेकिंग के दौरान 9 लीटर शराब की जप्ती

**सूरजपुर।** लोकसभा चुनाव के तहत जिला निर्वाचन मुख्य अधिकारी और जिला पंचायत सीईओ के दिशा निर्देश में अंतर राज्य चेक पोस्ट नवाटोला बैरियर चांदनी बिहारपुर में एसएसटी मजिस्ट्रेट धीरेंद्र कुमार जायसवाल और टीम के द्वारा आने जाने वाले वाहनों की सघन चेकिंग लगातार की जा रही है। अभी कुछ समय पहले भी चेक पोस्ट पर बहुत अधिक मात्रा में शराब की पकड़ की गई थी। 21 अप्रैल को लगभग 8:45 के समय एसएसटी टीम जिसके एसएसटी मजिस्ट्रेट /प्रभारी अधिकारी श्री धीरेंद्र कुमार जायसवाल और उनकी टीम एएसआई विदवा राम यादव, आरक्षक अंश कुमार, वीडियोग्राफर सुरविंद यादव के द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान तियरा मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ के बिहारपुर क्षेत्र में बारात में जा रहे स्कॉर्पियो न्यू सोल्ड जिसमें गाड़ी नंबर अंकित नहीं था के चेकिंग में 50 पीस बोतल प्रति एक पाव वाले जिसमें 180 मिली लीटर देसी प्लेन शराब जो लगभग प्रति बोतल प्रति पाव 65 रू. के हिसाब से है इस तरह कुल 9 लीटर शराब जप्त किया गया।

# तेंदुपारा मार्ग पर दो बाइक की भिड़ंत में एक मृत, 3 घायल

**सूरजपुर।** बसदेई चौकी इलाके के तेन्दुपारा सरमा मार्ग में दो मोटर साइकिलों में आमने सामने हुई तेज भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। वहीं तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में घायलों का मेडिकल कालेज अंबिकापुर में उपचार जारी है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक बसदेई चौकी इलाके के ग्राम ऊंचडीह निवासी मोहन राजवाड़े पिता दुहन राम राजवाड़े 25 वर्ष, उसका छोटा भाई नन्दकेश्वर उर्फ चिकू राजवाड़े 20 वर्ष व उसका 12 वर्षीय साला कोमल राजवाड़े तीनों नमदगिरी एक शादी समारोह में मिठाई बनाने गए थे। जहां से वे रात करीब नौ बजे वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान वे तेंदूपारा-सरमा मार्ग में तालाब के समीप पहुंचे थे कि सामने से सरमा निवासी तोलेश्वर पिता नन्दलाल शराब के नशे में धुत्त होकर लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए इन्हें सामने से तेज ठोकर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों वाहनों के सवार सड़क पर इधर उधर गिर गए। इसी दौरान मार्ग से गुजरने वाले लोगों सहित ग्रामीणों ने आहतों की पहचान कर तत्काल परिजनों को सूचना देते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे। जहां स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत चिकित्सको ने मोहन राजवाड़े को मृत घोषित कर दिया। वहीं दुर्घटना से उसके छोटे भाई नन्दकेश्वर का एक पैर फ्रैक्चर हो गया है और अंदरूनी चोटें भी आयी है। इसके साथ ही उसके साला कोमल व शराबी वाहन चालक तोलेश्वर को भी अंदरूनी चोटें आई है। चिकित्सको ने आहतों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें अम्बिकापुर रेफर कर दिया है। जहां उनकी स्थिति



गंभीर बनी हुई है। इधर घटना के बाद स्वजनों सहित गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों के उपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। दुर्घटनाकरित वाहन चालक तोलेश्वर को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि वह नशेड़ी है और आए दिन शराब के नशे में धुत्त होकर तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक गांव में वाहन चलता रहता था। कई बार गांव के लोग भी उसके वाहन के नीचे आते-आते बचे हैं। बता दें कि मृतक मोहन राजवाड़े का बीते वर्ष ही विवाह हुआ था। दुर्घटना में पति की मौत की सूचना पर पत्नी सहित परिजनों में मातम पसर गया है। मामले में कोतवाली पुलिस ने घटना के दूसरे दिवस पंचनामा पोस्टमार्टम की कार्रवाई पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने गमगीन माहौल में स्थानीय रेण नदी स्थित मुक्ति धाम में मृतक का अंतिम संस्कार किया।

## अवैध प्लाटिंग पर निगम की कार्रवाई

**रायपुर।** भिलाई निगम के भवन अनुज्ञा एवं राजस्व शाखा ने आयुक्त के निर्देश पर स्मृति नगर वार्ड 2 जुनवानी के सवा एकड़ शासकीय भूमि पर किए गये अवैध प्लाटिंग के मार्ग संरचना को बेदखल कर भूमि को मूल स्वरूप प्रदान करते हुए निर्माणाधीन 2 भवन को नोटिस जारी किया है।





**राम रसायन तुमरे पासा :** कलयुग में जागृत देवता के रूप में मान्य राम भक्त हनुमान का प्राकट्य उत्सव चैत्र पूर्णिमा को धूमधाम से मनाया जा रहा है। कोरबा नगर और जिले में इसे लेकर उत्साह है। कोसाबाड़ी हनुमान मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। एसईसीएल हेलीपेड के पंचमुखी हनुमान मंदिर में विशेष श्रृंगार किया गया। राम-जानकी मंदिर बुधवारी बाजार में हवन-पूजन संपन्न हुआ। एसईसीएल कालोनी कृष्णानगर, सुभाष ब्लॉक, मुड़ापार, सर्वमंगला मंदिर, हनुमानगढ़ी कटघोरा, बालकोनगर, दर्री और आसपास के मंदिरों में आज भजन-कीर्तन, अनुष्ठान व भंडारा का दौर रात तक जारी रहेगा। राम-जानकी मंदिर बुधवारी में आज शाम 5 बजे पं. शिवराज शर्मा का संगीतमय सुंदरकांड पाठ होगा।

## मुख्यालय में आइआर बैठक कल

**कोरबा।** एसईसीएल एसकेएमएस की आइआर बैठक कल बिलासपुर मुख्यालय में आयोजित किया गया है। जिसमें सभी एरिया के पदाधिकारी पहुंचकर अपने-अपने क्षेत्रों की मांगो को रखेगें। गेवरा एरिया के दीपक उपाध्याय व एलपी अगरिया पदोन्नति के मामलों को उठाएगें इसके अलावा कामगारों को जो इनसेन्टवयू नही मिला है। उसे भी रखेगें कोरबा एरिया दीपेश मिश्रा व धर्माराव ने भी पुरी तैयारी कर ली है। ईकाईयों की समस्याओं जो पूरी नही हो पाई है उसे मुख्यलाय में रखा जाएगा। कुसमुंडा एरिया के विरेन्द्र टंडन और अजीत सिंह ने भी बैठक लेकर रणनीति बनाई है। कुसमुंडा के समस्याओं को भी प्रबंधक के सामने रखा जाएगा। दीपका एरिया के सजीव शर्मा और सभी पदाधिकारियों ने समस्याओं पर चर्चा करते हुए मुख्यलाय में मांग रहने पर सहमति बनाई है। आज एसकेएमएस एसईसीएल समन्वेय समिति की बैठक महामंत्री हरिद्वार सिंह के द्वारा ली जाएगी । और क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा करते हुए आगे की रणनीति तैयार होगी।

# मनमाने ढंग से वसूली फीस, वापसी के लिए दबाव बनाने की मानसिकता में अभिभावक

### जिले के कई निजी स्कूलों को लाइन पर लाने का प्रयास

**कोरबा।** राज्य सरकार के द्वारा 22 अप्रैल से 15 जून तक के लिए ग्रीष्म अवकाश की घोषणा कर विद्यार्थियों व छात्रों को राहत दी गई है। पहले से ही इसे लेकर अटकलें लगाई जा रही थी और निजी स्कूल प्रबंधन इसी उम्मीद में थे। इस बीच उन्होंने अगले दो महीनों का शिक्षण व वाहन शुल्क मनमाने तरीके से वसूल कर लिया। अब अभिभावकों ने इस मामले को लेकर क्रांति करना तय किया है, वे इस मूड में हैं कि अवकाश अवधि की मनमाने फीस को वापस लिया जाए।

जिले में 253 की संख्या निजी स्कूलों की है। इनमें अलग-अलग श्रेणी की कक्षाएं चलती हैं। बड़ी संख्या में निजी स्कूल ऐसे हैं जिनकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है और बाकी तामझाम के साथ अपने कारोबार को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं। खबर के अनुसार ऐसे ही स्कूलों ने सरकार के द्वारा घोषित ग्रीष्म अवकाश की संभावना से पहले ही तिकड़म भिड़ाने के साथ छात्रों के अभिभावकों से शिक्षण शुल्क और वाहन शुल्क की वसूली कर ली। बताया गया कि इस तरह का ढर्रा पहले से ही चलाया जा रहा है और अपनी कमाई को जारी रखने के लिए निजी स्कूल प्रबंधन किसी भी तरह का




समझौता करने के मूड में नहीं है। प्रशासन और शिक्षा विभाग की ओर से कार्रवाई का डंडा न होने के कारण उनका मनोबल बढ़ा हुआ है। इसलिए इस बार उन्होंने पहले ही 25 प्रतिशत फीस बढ़ा दी और उसके बाद मनमानी करते हुए ग्रीष्म अवकाश का शिक्षण व वाहन शुल्क भी ले लिया। मामला अब तूल पकड़ रहा है। कोरबा शहर से लेकर उपनगरीय क्षेत्र व अन्य इलाके के अभिभावकों ने मनमानी पर ब्रेक लगाने के लिए शिक्षा विभाग को शिकायत करते हुए अन्य स्तर पर इस मामले को ले जाना तय किया है। वे मनमानी फीस को वापस कराने के मूड में हैं और इसके लिए मोर्चा भी खोल सकते हैं। उनका कहना है कि उनके मौन रहने से आगामी समय से चुनौतियां बढ़ सकती है और इससे कुल मिलाकर जेब पर असर पड़ेगा।

### ऑनलाइन क्लासेस का फंडा अपनाया

जानकारी मिली है कि मनमानी फीस वसूली की शिकायतें होने और कई स्तर से दबाव तेज होने को ध्यान में रख निजी स्कूल के संचालकों ने दांव-पेंच शुरू कर दिए। इसी के तहत आज से ऑनलाइन क्लासेस शुरू कराई गई है। सुबह 8 से दो घंटे के लिए बच्चों को स्मार्ट फोन पर व्यस्त रखने की कवायद की जा रही है ताकि मनमानी वसूली गई फीस की तरफ से ध्यान हटाया जा सके।

### बच्चों को आंखों का खतरा

स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाले विशेषज्ञों के द्वारा पहले भी चिंता जताई गई है कि मोबाइल के स्क्रीन के आंखों पर सीधे संपर्क होने के कारण कई प्रकार के खतरे संभावित हैं। इस मामले में निरंतरता के कारण समस्याएं भी उत्पन्न होती है और दृष्टि संबंधी दोष हो सकते हैं। इसलिए अभिभावकों को सलाह दी जाती रही है कि वे बच्चों को मोबाइल से दूर रखें। कोविड के दौर में बने हुए नियम के कारण वैकल्पिक तरीके से ऑनलाइन क्लासेस का प्रयोग किया गया था लेकिन अब ऐसी कोई मजबूरी है नहीं। इसलिए अपनी कमाई के चक्कर में बच्चों को खतरे में झोंकने का मामला समझ से परे है।

# मड़वारानी पहाड़ी रास्ते पर बेकाबू ऑटो दुर्घटनाग्रस्त, लोग बचे



*मड़वारानी पहाड़ी पर दुर्घटनाग्रस्त ऑटो।*

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र में एक बार फिर से जबरदस्त सड़क हादसा हुआ है जीसमें कई लोग बाल बाल बच गए। बताया जा रहा है कि एक सवारी ऑटो अनियंत्रित होकर खाई में गिरी और पेड़ से टकराकर लटक गई इस हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई और लोग मदद के लिए चिल्लाने लगे सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और लोगों को बचाने के प्रयास में जुट गई।बताया जा रहा है कि परिवार रायगढ़ से कोरबा आया हुआ था और ऑटो के माध्यम से मड़वा रानी पहाड़ के ऊपर चढ़ रहा था इसी दौरान ऑटो अनियंत्रित हो गई और खाई में जाकर पेड़ से लटक गई ऑटो में दो बच्चों के साथ ही कुल 6 लोग सवार थे जो बाल बाल बज गए फिलहाल पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### स्कूल बस और ऑटो की भिड़ंत, दो घायल

कुसमुंडा क्षेत्र में यात्री बस और ऑटो के बीच भिड़ंत हो गई,जिससे ऑटो में सवार स्कूली छात्र और ऑटो चालक घायल हो गया,जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है,की सड़क किनारे एक ट्रक खड़ा था जिससे मार्ग संकरा हो गया और यही हादसे की वजह बना। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## डीजे बजाने से मना करने पर युवक ने खुदकुशी की

**कोरबा।** परिवार के द्वारा दी गई नसीहत से नाराज होकर एक युवक ने पिछली रात अपने घर पर आत्महत्या कर ली। तेज आवाज में डीजे बजाने से परिवार ने युवक को रोका था। उरगा पुलिस में मामले में मर्ग कायम किया है और मृतक का शब पोस्टमार्टम के लिए कोरबा भेज दिया है। जिला मुख्यालय से 24 किलोमीटर दूर मड़वारानी गांव में यह घटना बीती रात को हुई। थाना प्रभारी केके वर्मा ने बताया कि डीजे कारोबार से जुड़े हुए 18 वर्षीय बद्रीनारायण पटेल पिता अंतराम पटेल की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है । घर के एक कमरे में उसका शव फंदे पर लटका हुआ मिला। परिजनों की सूचना पर पुलिस यहां पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई की। पूछताछ के दौरान जानकारी मिली कि बद्रीनारायण रात्रि को काफी तेज आवाज में अपने घर पर डीजे बजा रहा था। हर कोई परेशान था। अगले दिवस यानी मंगलवार को उसे एक और बुकिंग मिली हुई थी और वहां के लिए जाना था।

## एक माह से लापता युवक का नहीं मिला सुराग

**कोरबा।** सीएसईबी कोरबा पूर्व पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत बरपारा कोहड़िया से एक माह पूर्व लापता हुए युवक का कोई सुराग नहीं मिलने पर उसके पिता द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस ने गुम इंसान कायम कर उसकी खोजबीन शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार रामनारायण राठौर उम्र 35 पिता स्व. नर्मदा प्रसाद राठौर अपने घर में रहता था। विगत एक वर्ष पूर्व उसकी पत्नी भी उसका साथ छोड़कर बाहर चली गई और किसी और के साथ रिश्ता बनाकर रहने लगी। जिसके बाद उक्त युवक रामनारायण राठौर मानसिक रूप से कुछ परेशान रहने लगा। अंतत: विगत 25 मार्च को उक्त युवक अपने घर से निकलकर कहीं चला गया। जिसके बाद उसका एक माह तक कोई सुराग नहीं मिला। जिसके कारण विवश होकर उसकी मां संवरीन बाई उम्र 65 ने गुम इंसान क्रमांक 34/24 के तहत रिपोर्ट दर्ज करवा दिया। सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन द्वारा उपरोक्त गुम इंसान मामले में पतासाजी की जा रही है।

## नहाने के दौरान डूबे बालक का शव मिला अहिरन नदी में

**कोरबा।** कुसमुंडा थाना क्षेत्र के पुरानी बस्ती बरमपुर के दो दिनों से लापता 9 वर्षीय बालक की अहिरन नदी में तैरती हुई लाश मिली। जिसके बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम कार्यवाही के लिए चीरघर भिजवा दिया।

ग्राम पुरानी बस्ती बरमपुर निवासी अंकित कुमार पटेल उम्र 9 वर्ष पिता स्व. धनीराम पटेल अपनी मां के साथ घर में रह रहा था। 21 अप्रैल को अपने घर से निकला था देर रात तक नहीं लौटा था जिसके बाद उसकी खोजबीन शुरू हुई। उसी दौरान एक उसके सहपाठी लड़के ने जानकारी दिया कि उसका साथ अंकित कुमार पटेल अहिरन नदी में नहाने के लिए गया हुआ था। लेकिन कहीं जानकारी नहीं मिलने से परिवार के सदस्य परेशान थे। खोजबीन जारी थी। सर्वमंगला चौकी पुलिस में पदस्थ एएसआई लक्ष्मी प्रसाद रात्रे हमराह स्टाफ के साथ खोजबीन में लगे हुए थे। लेकिन कहीं कोई जानकारी नहीं मिलने से पुलिस वाले भी आसपास के अन्य इलाके में भी खोजबीन करने लगे। इसी बीच कल दोपहर के लगभग उक्त बालक की लाश अहिरन नदी से बाहर आ गई। उसकी लाश मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंचे एएसआई श्री रात्रे ने सूचक संजय कुमार पटेल उम्र 32 पिता बाबूलाल पटेल के द्वारा सूचना दिए जाने पर मर्ग क्रमांक 21/24 कायम कर शव को पीएम के लिए स्थानीय पीएचसी के चीरघर भिजवा दिया।

### पर्ची बाटंने का काम हुआ शुरू

**कोरबा।** कांगेस ब्लाक अध्यक्ष टीकाराम मनहरण ने बांकी मोंगरा क्षेत्र में कार्यकर्ताओ की बैठक पर्ची बांटने का शुरू कर दिया है। दीपका भी चुनाव कार्यालय खुलने के बाद कांग्रेस तनवीर अहमद ब्लाक अध्यक्ष दिलीप सिंह के द्वारा पर्ची बनाने का शुरू कर दिया गया है।

# 14 शावकों के साथ हाथियों का दल पहुंचा कुदमुरा ,ग्रामीणों में दहशत

### वन विभाग ने कराया मुनादी

**कोरबा।** जिले के कोरबा एवं कटघोरा वन मंडल में हाथियों की दहशत जारी है कोरबा वन मंडल अंतर्गत कुदमुरा रेंज में 32 हाथियों का दल बीती रात पहुंच गया। जिसमें 6 नर 12 माद व 14 बच्चे (शावक) शामिल है पड़ोसी धरमजयगढ़ वन मंडल से हाटी के रास्ते अचानक बड़ी संख्या में हाथियो के आने से वन विभाग चिंता बढ़ गई है वहीं ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हाथियो का यह दल वर्तमान में कुदमुरा के तराईमार क्षेत्र में स्थित जंगल के कक्ष क्रमांक पी1140 में तराईमार व तौलीपाली के बीच जंगल में डेरा जमाए हुए है। हाथियो के दल के आगे बढ़ने की संभावना है। जिसे देखते हुए वन अमला सर्तक हो गया है। तराईमार तौलीपाली एवं कुदमुरा में मुनादी कराने के साथ ग्रामीणों को सवधान कर दिया गया है। उनसे कहा जा रहा है कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथियो का आगमन हो गया है। अत: इनसे दूरी बनाए रखे हाथियो को देखने अथवा वनोपज संग्रहण के लिए जंगल में न जाए जहां कुदमुरा के निकट जंगल में 32 हाथियो की मौजदूगी बनी हुई है। वहीं रेंज के गीतकुंवारी में भी 7 हाथी विचरण करते पहुंच गए है। हाथियो के दोनो ही दल ने फिलहाल कोई बड़ा नुकसान नही पहुंचाया है। लेकिन देर सबेर उत्पात की संभावना बनी हुई है। वन अमला हाथियों की लगातार निगरानी में जुट गया। उधर कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज में बड़ी संख्या में हाथियो की मैाजदूगी बनी हुई है। जिससे ग्रामीण भयभीत है उन्हें डर है कि हाथी कही उनके गांव में न घुस जाए और नुकसान पहुंचा दे।





**प्रकृति के कई रंग** वर्ष प्रतिपदा के साथ प्रकृति में कई प्रकार के परिवर्तन साफ दिखाई दे रहे हैं। रंग-बिरंगे फूलों के साथ पेड़-पौधों को नया कलेवर मिल रहा है। समय के साथ होने वाले समसामयिक बदलाव को वनस्पति विज्ञान ने भी स्वीकार किया है।

### अंबेडकर जयंती समारोह

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा एरिया शिष्टा व कौंशिल के द्वारा आज अम्बेडकर जयंती समारोह का आयोजित किया गया है। जिसमें एसईसीएल कोरबा पूर्व के सीजीएम दीपक पंडया मुख्यअतिथियों में विशिष्ट अतिथियों के रूप में केन्द्रीय कर्मशाला के जीएम श्री जेबियर मौजूद रहेगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिष्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर.पी.खाण्डे करेंगे। इसकी जानकारी डहारू राम ने दी है।

### युवक ने फांसी लगाई

**कोरबा।** पंपहाउस कालोनी में 23 वर्षीय हर्ष केशरवानी ने खुदकुशी कर ली। फंदे पर उसका शव मिला है। कई बार फोन करने पर जवाब नहीं आने पर उसके माता-पिता यहां पहुंचे।

**प्लाट बेचना है**
दर्री रोड कोरबा सवर्ण सिटी में प्राइम लोकेशन में 3000Sf का प्लॉट बेचना है ,इच्छुक व्यक्ति ही संपर्क करें।
मोबाइल नंबर
9131056470

## राम-जानकी मंदिर बुधवारी में हनुमान जन्मोत्सव पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ

### 51 जोड़े सहित श्रद्धालु होंगे शामिल

**कोरबा।** श्री हनुमान का जन्मोत्सव धूमधाम से संपन्न हो रहा है। रामजानकी मंदिर में आज शाम इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ होगा। 51 जोड़ों सहित भक्तगण कार्यक्रम में शामिल होंगे। पं. शिवराज शर्मा संगीतमय सुंदरकांठ पाठ की प्रस्तुति करेंगे। राजपूत क्षत्रिय समाज कोरबा के जिलाध्यक्ष ठा. अवधेश सिंह, उपाध्यक्ष विजय सिंह, सचिव मुकेश सिंह, कोषाध्यक्ष बच्चू सिंह, वरिष्ठ सदस्य जितेंद्र सिंह लाला, मंटू सिंह, स्मित सिंह, कमलेश सिंह, कन्हैया सिंह, नगेंद्र सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। मंदिर के पुजारी पं. कमलेश्वर उपाध्याय के देखरेख में सारे कार्यक्रम का आयोजन रामजानकी मंदिर में किया जा रहा है। इस अवसर पर शाम को भव्य पूजन, आरती एवं भोग प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी समाज के जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह द्वारा आयोजित किया गया है।

### उरगा में निकलेगी शोभा यात्रा

**कोरबा।** हनुमान जयंती के अवसर पर आज उरगा चौक से हनुमान मंदिर कुदुरमाल तक नागरिको के द्वारा शोभा यात्रा निकाली जाएगी । इसके लिए एक समिति तैयार की गई है। यह जानकारी देते हुए प्रकाश यादव ने बताया कि शोभा यात्रा के लिए व्यापक तैयारी की गई है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com